पहला कदम

साफ थाली अभियान

CLEAN PLATE CAMPAIGN

हमने तो झूठा नही छोड़ने का संकल्प ले लिया है आप कब ले रहे हैं

संकल्प-पत्र

मैं भोजन शाला मे प्रवेश से पहले संकल्प लेता हूँ कि :-

- मैं किसी भी प्रकार के भोजन / नाश्ते में झूठा नहीं छोड़ूंगा।
- मैं किसी भी जीमण में अनावश्यक मनुहार नहीं करूंगा/करूंगी जिससे की प्लेट / थाली में झूठा रह जाये।
- मैं भोजन / जीमण में प्रत्येक दाने का सम्मान करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान का सदस्य बनकर अभियान सफल बनाऊंगा / बनाऊंगी।



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 133/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in





भारत के संविधान में संशोधन की अटकलों को प्रधानमंत्री ने खारिज किया

# देश उड़ान भरने को तैयार: मोदी



**नई दिल्ली।** पिछले दिनों देश में संविधान में संशोधन को लेकर छिड़ी बहस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराम लगा दिया है। उन्होंने संविधान में संशोधन किए जाने की किसी भी बात को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे परिवर्तनकारी कदमों को ऐसा कुछ किए बिना और जन भागीदारी के जरिए साकार किया गया है।

एक साक्षात्कार में मोदी ने देश में लाए गए बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत, शौचालय निर्माण अभियान से लेकर करीब एक अरब लोगों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने तक के सफर का हवाला दिया। मोदी ने कहा, देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और मैं अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। अब बस चाहता हूं कि इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है यह पता है।

## 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग

पीएम मोदी ने साक्षात्कार के दौरान अपनी सरकार द्वारा आम आदमी के जीवन में लाए बदलाव का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग हैं। बता दें, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में लौटने और मध्य प्रदेश में अगले साल गर्मियों में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले पार्टी को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद उनकी यह टिप्पणी आई है।

### सांध्यप्रकाश विशेष



राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल जी, अ.भा. संपर्क प्रमुख रामलाल जी, विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार जी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया।

## पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' के ट्रेलर ने बढ़ाया एक्साइटमेंट, पूर्व प्रधानमंत्री का किरदार निभाते नजर आएंगे अभिनेता

बॉलीवुड के जाने-माने मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी 'मैं अटल हूं' फिल्म में जल्द ही नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी देश के



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। बीते कल फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। इसके बाद से ही लोगों की फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गई।

आज यानी 20 दिसंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसके बाद से ही लोगों को अब फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का दमदार ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आया। इंडिया के फार्मर प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की यह अपकमिंग बायोपिक काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुई थी।

विधानसभा में लाड़ली बहना पर हंगामा

## विजयवर्गीय बोले-हर गारंटी हर हाल में पूरी होगी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा के चार दिवसीय विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। इस दौरान विपक्ष का सवाल लाड़ली बहना योजना चलेगी या नहीं, इस पर



हंगामा हो गया। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सदन के संचालन व अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

कांग्रेस विधायक रावत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से यह जवाब चाहता हूं कि लाड़ली बहना योजना चलेगी या नहीं। इस योजना के हितग्राहियों को महीने में दी जाने वाली राशि दी जाएगी या नहीं, मुख्यमंत्री स्पष्ट करें। भाजपा विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र, संकल्प पत्र नहीं मोदी की गारंटी है। यह गारंटी हर हाल में पूरी होगी। पहले गड्ढे वाली सरकार थी और अंधेरे वाला प्रदेश था, और अब सरप्लस बिजली वाला स्टेट मध्यप्रदेश है। महाकाल लोक बनते ही इंदौर की इकोनॉमी बदल गई। उज्जैन के होटल तो भरते ही हैं, इंदौर में भी होटल फुल होती हैं। प्रतिदिन डेढ़ लाख लोग यहां पहुंचते हैं। इंदौर के मिल मजदूरों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री यादव ने बड़ा फैसला लिया है।

रामनिवास रावत ने कहा कि विधानसभा की जानकारी नहीं मिलती है। सवाल लगाने पर जवाब दिया जाता है कि जानकारी एकत्र की जा रही है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए, जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि समय पर सवालों के जवाब आ सकें। प्रदेश में कर्ज बढ़ रहा है। 70 प्रतिशत लोग गरीबी झेल रहे हैं। आमदनी तो बढ़ी है लेकिन गरीब और गरीब हो रहा है। अमीर और अमीर हो रहा है। लाड़ली बहना पर सवाल करने पर सदन में हंगामा हो गया।

## निलंबित सांसदों का जामा मस्जिद तक मार्च, खरगे बोले- हमने नहीं किया संसद का अपमान

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 140 से अधिक सांसदों के निलंबन के खिलाफ आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और संसद का मंचन करेंगे। इस मार्च से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया से बातचीत की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और संसद में सदन के जो मुखिया हैं, वे भी नहीं चाहते कि सदन चले। मैं माफी चाहता हूं कि राज्यसभा चेयरमैन साहब ने जो मुद्दा उठाकर इसे जातिवाद पर ले आए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बात करना हमारा हक है।

खरगे ने कहा- आज हम जो ये विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वह सरकार के खिलाफ आंदोलन है। सरकार ये नहीं चाहती कि ये आंदोलन हो। संसद में सदन के जो मुखिया हैं, वे भी नहीं चाहते कि सदन चले। मैं माफी चाहता हूं कि राज्यसभा चेयरमैन साहब ने जो मुद्दा उठाकर इसे जातिवाद पर ले आए




हैं। लोकतंत्र में बात करना हमारा हक है। लोगों की भावनाओं को संसद में बताना हमारा कर्तव्य है। लेकिन यहां पर जो घटना घटी लोकसभा में। उसी मुद्दे को अब लोकसभा और राज्यसभा में उठाना चाहते थे कि सुरक्षा में सेंध कैसे लगी।

## प्रमोद अग्रवाल होंगे बीएसई के अगले चेयरमैन, सेबी ने दी मंजूरी

**मुम्बई।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के चेयरमैन के रूप में प्रमोद अग्रवाल की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति 17 जनवरी 2024 से प्रभावी हो जाएगी। इससे पहले अग्रवाल ने कोल इंडिया के प्रमुख के रूप में काम किया है। अग्रवाल बीएसई के वर्तमान चेयरमैन और पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर एसएस मुंद्रा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 16 जनवरी को समाप्त होने वाला है। प्रमोद अग्रवाल को अगले बीएसई प्रमुख के रूप में नियुक्त करने का निर्णय एक्सचेंज के बोर्ड ने 13 दिसंबर को हुई बैठक में लिया। नियुक्ति को मार्केट रेगुलेटर के अप्रूवल की जरूरत थी, जो कि अब मिल गई है। मुंबई के दलाल स्ट्रीट में स्थित बीएसई देश के लीडिंग स्टॉक एक्सचेंज में से एक है।



## संघ के सुरेश सोनी फिर हुए सक्रिय, सीएम मोहन यादव से मिले

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य और पूर्व सह सरकार्यवाह रहे सुरेश सोनी एक बार फिर मध्यप्रदेश की सियासत में सक्रिय हुए हैं। बुधवार को शिवाजी नगर स्थित %नदी का घर% में उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 50 मिनट तक बंद कमरे में बात की है। दोहपर बाद सोनी विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से भी मिले। अब नइ मुलाकातों को नए सत्ता समीकरण से जोड़कर देखा जा रहा है।



**सोनी सीएम मोहन, शिवराज और तोमर के करीबी-** यहां बता दें सोनी जब बीजेपी के समन्वय का काम देखते थे, तब से डॉ. मोहन यादव, शिवराज सिंह और तोमर उनके काफी नजदीकी रहे हैं। मप्र की राजनीति में उनका खासा दखल भी रहा। सह सरकार्यवाह के पद से हटने के बाद सोनी ने मप्र की सियासत से परोक्ष रूप से दूरी बना ली थी। बताते हैं वे इस दौरान अपने करीबियों से लगातार संपर्क में रहे हैं।

**बैठक में नहीं पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह-** विधायकों की पहली बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नहीं पहुंचे थे। उनके कार्यालय के अनुसार वे दो दिवसीय दौरे पर अमरकंटक जा रहे हैं और पार्टी को इसकी सूचना दे गई थी।

### नदी का घर बना संघ की गतिविधियों का केंद्र

डॉ. मोहन यादव के सीएम बनने के बाद फिर सियासी समीकरण बदल रहे हैं। संघ से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सोनी भोपाल में कुछ बैठकों के सिलसिले में आए हैं। यह भी जान लें नदी का घर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल माधव दवे रहते थे। उनके निधन के बाद यह संघ की गतिविधियों को संचालित करने का एक केंद्र बन गया है।

### सीएम ने कहा- सब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाओ

बीजेपी विधायक दल की पहली बैठक बुधवार, 20 दिसंबर की शाम पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में सब जुट जाओ। लोकसभा की तैयारी में हर बूथ जीतने का रोडमैप है। इसलिए सभी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में कई सीनियर विधायक भी मौजूद रहे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों तक स्कीम पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। इसको सफल बनाना है। हर बूथ तक मजबूत पकड़ होनी चाहिए। डॉ. यादव ने कहा, सभी विधायक यात्रा में सहभागी बनें।


TAGORE INTERNATIONAL LITERATURE & ARTS FESTIVAL
विश्व रंग
भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच!

5 वां संस्करण
50 देश
70 सत्र
500 से ज्यादा कलाकार

टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव

21 से 24 दिसम्बर 2023, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल

21 दिसम्बर 2023 दोपहर 03.00 बजे से
गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि
रबीन्द्र संगीत
शाम 04.00 बजे से 6.00 बजे तक
कलाकारों द्वारा विश्व शांति एवं सद्भाव यात्रा
लोक/संगीत प्रस्तुति, प्रदर्शनी का अवलोकन, जानकी बैंड की प्रस्तुति
फिल्म एवं उद्घाटन वक्तव्य



22 दिसम्बर 2023, शाम 06.00 बजे से 08.00 बजे तक
विश्वरंग 2023 का उद्घाटन
मुख्य अतिथि : माननीय श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक'
(कथाकार, सांसद एवं पूर्व शिक्षा मंत्री, भारत सरकार)

डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, (पूर्व कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, ख्यात साहित्यकार)
श्री अतुल कोठारी, (राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास)
डॉ. माधुरी रामधारी, (महासचिव, विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस)
अनिल जोशी, (अध्यक्ष, वैश्विक हिंदी परिवार)
संतोष चौबे (निदेशक विश्वरंग)
लीलाधर मंडलोई (सह-निदेशक, विश्वरंग)
मुकेश वर्मा (सह-निदेशक, विश्वरंग)



श्री अतुल कोठारी
राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास



डॉ. माधुरी रामधारी
महासचिव, विश्व हिन्दी सचिवालय

अंतरराष्ट्रीय हिन्दी केन्द्र का उद्घाटन

विश्व रंग मानद अलंकरण 2023
डॉ. धनंजय वर्मा-हिंदी, डॉ. जानकी प्रसाद शर्मा-उर्दू,
मनोरंजन व्यौपारी-बांग्ला,
वसंत आबा डहाके-मराठी,
सुजाता चौधरी-उड़िया एवं अंग्रेजी,
प्रोफेसर कोलकलूरी इनाक्-तेलुगू,
महादेव टोप्पो-हिंदी एवं कुड़ुख

भाषा उत्सव
शुक्रवार 22 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.00 बजे तक
वैचारिक सत्र एवं व्याख्यान
हमारा भाषाई वैविध्य – हमारी ताक़त
पवन वर्मा, ख्यात लेखक, चिंतक, विचारक
समानांतर वैचारिक सत्र
सामाजिक संस्थाओं द्वारा हिंदी शिक्षण
हिंदी भाषा शिक्षण में साहित्य की भूमिका
विदेशों में हिंदी शिक्षण के अनुभव
विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षण की चुनौतियां
विदेशों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी शिक्षण
यूनिवर्सल हिन्दी टेस्ट
विश्व में हिन्दी रिपोर्ट का प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा

टैगोर राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी
टैगोर राष्ट्रीय बाल चित्रकला कार्य शाला
प्रस्तर प्रदर्शनी

साहित्य उत्सव
शनिवार 23 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.30 बजे तक
वैचारिक सत्र एवं व्याख्यान
हमारी धरती का भविष्य : देवेंद्र मेवाड़ी
समानांतर वैचारिक सत्र
साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया
सिनेमा और ओ.टी.टी. के लिए लेखन
गांव, तकनीक और कहानियां
एशियाई कहानी का परिचय
खेल पत्रकारिता
उपन्यास की वैश्विक अवधारणा
लोकप्रिय साहित्य का बदलता स्वर
युवा कहानी पाठ

रंग उत्सव
रविवार 24 दिसम्बर 2023
सुबह 10.30 से 06.30 बजे तक
व्याख्यान : भारतीय चित्रकला का सच
अशोक भौमिक
सुधीर पटवर्धन पर मोनोग्राफ का रिलीज़
भारतीय चित्रकला का नारी परिप्रेक्ष्य
समानांतर वैचारिक सत्र
स्वतंत्र भारत में आधुनिक चित्रकला की दशा और दिशा
प्रवासी भारतीय रचना पाठ
साहित्य और कला : आपसदारी के अर्थ
भारतीय भाषा में अनुवाद
लोक वाचिक परंपरा का सांस्कृतिक पक्ष
पर्यावरण और जैव पारिस्थितिकी की कविताएँ

विश्व रंग में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां
21 से 24 दिसम्बर 2023, प्रतिदिन शाम 06:30 से 09:00 बजे तक



22 दिसम्बर 2023
ताल वाद्य कचहरी, पं. अखिलेश गुंदेचा समूह
23 दिसम्बर 2023
प्रतिभा सिंह बघेल
24 दिसम्बर 2023
साधु द बैन्ड

आयोजक
RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY™
Yuvaaz Youth Ki Awaaz
Radio Partner

कार्यक्रम के विस्तृत विवरण के लिए स्कैन करें
संपर्क : +91-94256 75811, +91-90095 20840
कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है.
आप सभी कार्यक्रमों में सपरिवार सादर आमंत्रित हैं.





भोपाल में चल रहे बालरंग में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं

# टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव विश्वरंग 2023 का 21 को होगा आगाज

**सांध्य प्रकाश संवाददाता**
**भोपाल**

साहित्य, संस्कृति और कलाओं के इन्द्रधनुषी रंगों से सराबोर विश्वरंग महोत्सव 2023 अपनी व्यापक गतिविधियों के बीच 21 से 24 दिसंबर के दरमियान आयोजित किया जा रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मेजबानी में होने वाले इस विराट समागम में भारत सहित दुनिया के पचास से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कथाकार एवं पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार रमेश पोखरियाल निशंक समारोह का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी, विश्व हिन्दी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी तथा वैश्विक हिन्दी संसार के अध्यक्ष श्री अनिल जोशी सहित देश - विदेश की अनेक गणमान्य विभूतियों की उपस्थिति इस अवसर को गरिमा प्रदानकरेगी। इस बार यह महोत्सव रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के विशाल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है।इसके तहत पहले दिन रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर में दोपहर 3 बजे टैगोर प्रतिमा पर पुष्पांजलि और आमिर खान द्वारा रबीन्द्र संगीत (सरोद-पखावज) की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद विश्वरंग यात्रा टैगोर प्रतिमा से शारदा सभागार तक जाएगी। यहां जानकी बैंड द्वारा टैगोर के गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा। तृप्ति नागर एवं साथी मालवी लोक संगीत पेश करेंगे। साथ ही भगोरिया नृत्य का आयोजन होगा। उद्घाटन सत्र का आयोजन शाम 6 बजे शहनाई वादन और फिल्म प्रदर्शन से होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. माधुरी रामधारी, महासचिव, विश्व हिंदी सचिवालय होंगी। उनके साथ मंच पर विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे, वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, विश्वरंग सचिवालय के संयोजक जवाहर कर्नावट, विश्वरंग के सह निदेशक लीलाधर मंडलोई, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीकांत, अमेरिका से इंद्रजीत शर्मा और अनूप भार्गव, नीदरलैंड्स से रामा तक्षक और वैश्विक हिंदी परिवार संस्था से अनिल जोशी मौजूद रहेंगे।

## संत जी का सेवा समर्पण और सनातन सेवा हमारी प्रेरणा है: रामेश्वर शर्मा

**संत हिरदाराम नगर।** संत शिरोमणि हिरदाराम जी साहिब के निर्वाण दिवस के अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत जी की कुटिया पहुँचकर उनका शुभ आशीष प्राप्त किया। विधायक रामेश्वर शर्मा में कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के साथ संत जी द्वारा सनातन के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किये गये वह सदैव हमारी प्रेरणा है ओर रहेंगे ।



## उमंग शॉपिंग महोत्सव का भव्य शुभारम्भ




**भोपाल।** भारत की प्रसिद्ध उमंग शॉपिंग महोत्सव प्रदर्शनी व सेल दिनांक 20 दिसंबर 2023 से 1 जनवरी 2024 तक के लिए भोपाल के दशहरा ग्राउंड विट्ठल मार्केट रविशंकर नगर मेन रोड पर अयोजित की जा रही है। भव्य फैशन शो के साथ इस महोत्सव का उ?द्घाटन श्री शैलेन्द्र बरुआ जी (अध्यक्ष म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम, कैबिनेट मंत्री दर्जा, म.प्र. शासन) द्वारा किया गया एवं उन्होंने कहा की विलुप्त होती इस कला को देश के कलाकारों ने फिर से जीवित कर दिया यह प्रदर्शनी सुबह 11:00 से रात्रि 9:00 तक चलेगी प्रदर्शनी के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया की इस प्रदर्शनी में छतीसगढ़ से कोसा, घिचा, मलबरी रॉ सिल्क, एब्लॉक प्रिंटेड सिल्क साड़ी गुजरात से बान्धनी, पाटोला कच्छ एम्ब्रॉयडरी, मिरर वर्क एवं डिजाइनर कुर्ती, मध्य प्रदेश से चंदेरी, महेश्वरी काटन एण्ड सिल्क साड़ी सूट, डकारी जामदानी एवं बनारसी सिल्क, तान्चोयी सिल्क, मैसूर सिल्क की साड़ीयो के धर्मावरम तस्सर, ढाका, वही डिजाइनर ब्लाउज, सलवार सूट, पंजाब की फुलकारी वर्क सूट व साडी हैदराबाद की हैवी नेकलेस, नोज पिन, रिंग, बैंगल्स, मांग टीका, कमरबंद, और मुंबई वेस्टर्न पैटर्न ज्वैलरी व पालकी ज्वैलरी भी है। साड़ी और सूट की 25000 वैरायटी के साथ ब्राइडल वियर, विंटर कलेक्शन तथा पश्मीना शाल की भारी रेंज भी उपलब्ध है। बताया कि संस्थान द्वरा आयोजित एक्सपो प्रदर्शनी व सेल देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरो ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्याहारों को सिल्क पर छापा है। एक्जीवीशन में गुजरात की पटोला सिल्क, तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, महाराष्ट्र की पैठानी सिल्क, पर गई कलाकारी लोगों को अपनी ओर खीच रही है । इस प्रदर्शनी का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है

## राजस्थानी कलाकारों ने चरी, घूमर और कालबेलिया नृत्य से मचाई धूम



**भोपाल।** भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार को राजस्थानी कलाकारों ने जमकर धमाल मचाया। राजस्थान से आई 15 कलाकारों की टीम ने राजस्थानी लोकगीतों के साथ नृत्य गान के साथ अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इसमें चरी लोक नृत्य, घूमर लोक नृत्य, कालबेलिया लोक नृत्य और चकरी लोक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके साथ ही नर्मदापुरम की अर्पणा सराठे और भोपाल दूरदर्शन के कलाकार डॉ. दीपक वर्मा द्वारा शास्त्रीय कत्थक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के साथ ही मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ मेला टीम ने कलाकरों के साथ दीप प्रज्जवलित कर की। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि मेला के सांस्कृतिक मंच पर देश भर के अलग-अलग राज्यों की कला संस्कृत, लोकगीत के साथ उभरते कलाकरों को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को अपना हुनर दिखाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। मेले में रोजाना लाखों की संख्या में शहरवासी परिवार के साथ पहुंचकर मेला समिति को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। बदलते मौसम के कारण शीत लहर चलने के साथ ही सर्दी सितम ढा रही है। मेले में विभिन्न प्रदेशों से दुकानदारों ने गर्म कपड़े, ऊनी शॉल, स्वेटर और कम्बल लेकर आए हुए हैं। यह गर्म कपड़े शहरवासियों को गर्माहट पहुंचा रहे हैं।

# संस्कार विद्यालय में छात्राओं के लिए विशेष मेडिकल शिविर का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार स्कूल में हायर सेकेण्डरी की छात्राओं के लिए विशेष मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. राजकुमारी चोटरानी एवं डॉ पूजा चोटरानी अपनी सेवाएं देने के लिए उपस्थित हुई, शिविर का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, डॉ राजकुमारी चोटरानी, डॉ पूजा चोटरानी द्वारा किया गया। बसंत चेलानी ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि हम शिक्षा के साथ संस्कार भी बच्चों को मिले और हम हर वर्ष बच्चों को स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कैम्प का आयोजन करते है। सुशील वासवानी ने कहा कि डॉक्टर हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहता है और आज यहां पर भी एक सेवा भाव से ही आए हैं जिसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ राजकुमारी चोटरानी और डॉ. पूजा चोटरानी ने कहा कि लड़कियां हमारे देश का भविष्य है, लड़कियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है उन्होंने बताया कि लड़कियां सुशिक्षित है तो वह अपने परिवार के साथ-साथ अपने देश को भी मजबूत बनाने में सहयोगी होती है।




# संत हिरदाराम साहिब का महानिर्वाण दिवस आज, होंगे कई धार्मिक आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** मानव सेवा के मसीहा संत हिरदाराम साहिब का महानिर्वाण दिवस 21 दिसम्बर को श्रद्धा के साथ संत हिरदाराम नगर में मनाया जाएगा। सेवा संकल्प धाम कुटिया पर श्रद्धालुओं की सुबह से दर्शन के लिए भीड़ लगेगी। श्रद्धालुओं के लिए कुटिया सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी। यहां पर संपट पाठ चल रहा है। इधर, नव युवक सभा भवन में हर साल की तरह इस साल भी आम भण्डारें का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करेंगे। संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था युवा सिन्धी मंच द्वारा प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी भण्डारा और रामधुनी का आयोजन किया गया है। मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने बताया कि संत हिरदाराम साहिब का महानिर्वाण दिवस वर्ष 2007 से निरंतर संस्था करती चली आ रही है। 21 दिसम्बर को सुबह 11 से 12 बजे तक रामधुनी व भण्डारा कार्यक्रम 1 से शाम 5 बजे तक मेन रोड पेट्रोल पम्प के पास किया जाएगा।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा नेसकॉम फाउंडेशन, डीएक्ससी टेक्नोलॉजिस, सेंट्रम लर्निंग और विकरा-द एज्यूकेशन कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में अमित कुमार श्रीवास्तव, टेक्नोलॉजी कंसलटेंट उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 130 छात्राएं पंजीकृत होकर लाभांवित हुई। छात्राओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने पर मूल्याकंन पश्चात् प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि छात्राओं को टेक्नोसेवी एवं डिजिटली साक्षर बनाने के लिए यह एक सराहनीय आयोजन है। अमित कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को न्यूरल नेटवर्क, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, आईओटी, आईआईओटी, बिग डाटा एवं मशीन लर्निंग पर सविस्तार प्रभावी ढंग से जानकारी प्रदान की। इस समग्र प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को वर्तमान परिदृश्य में आवश्यक तकनीकी कौशलों से परिचित कराना था।

# साधु वासवानी स्कूल में 59वीं वार्षिक सात दिवसीय अखण्ड रामधुन का शुभारंभ

### श्रद्धा विश्वास से जो रामधुनी लगाएगा वह हर संकट से मुक्ति पाएगा:-सिद्ध भाऊ

संत हिरदाराम नगर। साधु वासवानी स्कूल में श्रद्धा के साथ 59वीं वार्षिक रामधुनी का शुभारंभ बुधवार सुबह 9 बजे संत सिद्ध भाऊ द्वारा किया गया। संत हिरदाराम साहिब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रामधुनी के साथ-साथ गुरुग्रंथ पाठ साहिब जी का शुभारंभ भी हुआ उसके बाद आरती, अनंद साहिब, अरदास एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि श्रद्धा, विश्वास व एकाग्रता से जो रामधुनी लगाएगा वह हर संकट से मुक्ति पाएंगा, नियमित रामधुनी लगाने से मन की मुरादे पूरी होती है अगर हर घर में नियमित रूप से रामधुन होने लगे तो सभी कष्टों का निवारण संभव है। जिस घर में इस तरह की रामधुन लगेगी वहां के बच्चे पढ़ाई में निपुण होंगे और सुख शांति का वातावरण होगा। उन्होंने कहा कि कन्याओं का शिक्षित होना अपने पैरों पर खड़े होना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि केवल पढ़ाई में ही कन्याओं का भविष्य सुरक्षित है। पढ़ाई हर व्यक्ति को सम्मान दिलाती है। रामधुनी के अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा भी उपस्थित थे। सबनानी ने कहा कि रामधुन ऐसा मंत्र है जिसको जपने व सुनने से सभी प्रकार के कार्य संपन्न होते हैं। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि राजधानी का यह सौभाग्य है कि यह रामधुनी अखंड चल रही है और हमेशा चलती रहेगी, रामधुनी जिन्होंने भी लगायी वह अजर व अमर है उनका नाम युगों-युगों तक चलता रहेगा, राम-नाम की धुनी परमार्थ की धुनी है इसे जो लगाएगा वह हर संकट से मुक्ति पाएगा। इस अवसर पर हीरो ज्ञानंचदानी, लोकूमल आसवानी, अनिल चोटरानी, रमेश हिंगोरानी, शिक्षाविद विष्णु गेहानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# बकायादारों के विरूद्ध निगम सख्त रवैया, क्लब हाउस में की तालाबंदी

## 67 लाख से अधिक बकाया कर की राशि जमा नहीं की, शासकीय विभागों को भी जारी किये नोटिस

**सांध्य प्रकाश संवाददाता**
**भोपाल**

नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार आदि सहित अन्य मदों में करों एवं शुल्कों की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही निगम प्रशासन ने बकायादारों के विरूद्ध भी सख्त रवैया अपनाते हुए कुर्की/तालाबंदी की कार्यवाही तेज कर दी है। इसी तारतम्य में बुधवार को निगम के जोन क्र. 21 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 के बरखेड़ी खुर्द स्थित व्हिस्परिंग पाम कालोनी के कालोनाइजर एस.एस.रियलिटी द्वारा टैक्स की बकाया राशि 67,74,963/-रूपये जमा न करने पर उक्त कालोनी के क्लब हाउस पर तालाबंदी की कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा शासकीय विभागों को भी बकाया करो/शुल्कों की राशि का भुगतान करने हेतु सूचना पत्र जारी किये जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए के निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्र. 21 के अमले ने वार्ड क्र. 26 में बरखेड़ी खुर्द स्थित व्हिस्परिंग पाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर एस.एस. रियलिटी पर 67 लाख 74 हजार 09 सौ 63 रूपये की राशि का भुगतान न करने पर संबंधित कालोनाइजर के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उक्त कालोनी के क्लब हाउस पर तालाबंदी की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि उक्त कालोनी लगभग 36 एकड़ पर विकसित की जा रही है और उक्त आवासीय कालोनी के बिल्डर द्वारा भूमि का टैक्स जमा नहीं किया गया है।

निगम द्वारा पूर्व में संबंधित को नियमानुसार देयक नोटिस आदि जारी किये गये परंतु बकाया करों का भुगतान न होने की दशा में धारा 175 के अंतर्गत जारी वारंट में वार्ड प्रभारी व वार्ड के अमले द्वारा कॉलोनाइजर द्वारा निर्मित क्लब हाउस पर तालेबंदी की कार्रवाई की गई।

इसके अतिरिक्त निगम द्वारा अन्य बकायादारों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है साथ ही शासकीय संस्थानों पर बाकी सेवा प्रभार/ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार आदि की राशियों के भुगतान हेतु सूचना पत्र भी जारी किये जा रहे हैं।



# विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे विधायक और कार्यकर्ता

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता कर वंचितों को लाभ दिलाएं: मुख्यमंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक बुधवार शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विधायक दल की बैठक में विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के संबंध में विधायकों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा चर्चा हुई है। विधायक एवं कार्यकर्ता इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विधायकों को सहभागिता कर प्रदेश की जनता को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चर्चा की गई है। बैठक में प्रदेश की जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बातचीत हुई है।





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश में यह यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है। इस यात्रा को लेकर भाजपा विधायक दल में चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गरीब कल्याण योजनाओं से प्रदेश का हर पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो, इसके लिए भाजपा विधायकों और कार्यकर्ताओं को यात्रा में सहभागिता करने को कहा गया है। भाजपा विधायक और कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर वंचितों को गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। राज्य सरकार का तंत्र इस यात्रा को सफल बनाने का कार्य कर रही है, भाजपा विधायक और कार्यकर्ता भी इस यात्रा में शामिल होकर यशस्वी बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रहीं गरीब कल्याण योजनाएं गरीबों का जीवन बदलने का कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका जीवन बदलने का कार्य करेगी।



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर का अभिवादन किया एवं शुभकामना दी।



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने अभिवादन किया।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कैंसर अस्पताल में रोगियों से भेंट की



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डा यादव ने बुधवार की रात्रि राजधानी में भ्रमण कर कैंसर हॉस्पिटल के विश्रामालय में विश्राम कर रहे नागरिकों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अनेक रोगियों और उनके परिजन से भी चर्चा की। उन्होंने कैंसर के विभिन्न प्रकारों से जूझ रहे रोगियों को ढाढस भी बंधाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव रात्रि जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के शयनागार पहुंचे और यहां रह रहे निर्धन वर्ग के लोगों, श्रमिकों से बातचीत की और उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सीधी जिले के अजय पांडे, ललितपुर उत्तर प्रदेश के विनोद कुशवाहा ,मैहर की लल्ली कुशवाहा , पन्ना की चाहना राय और बीना की श्रीमती गुलाबबाई से भेंट कर हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उपस्थित चिकित्सकों से भी रोगियों के बेहतर उपचार के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री डा यादव ने अस्पताल परिसर के निकट वाजपेयी नगर कॉलोनी में सागर जिला निवासी श्रीमती शीलाबाई रैकवार और सीहोर जिले की निवासी श्रीमती कृष्णा बाई को भी कंबल प्रदान किया। यहां अनेक रोगियों के परिजन निवास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वाजपेयी कॉलोनी में नगर निगम द्वारा संचालित सामुदायिक आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गांधीनगर भोपाल की झुग्गी में रहने वाली एक मां बेटी ने बताया कि परिवार के विवाद के कारण वे यहां आ गई हैं उनके पास पर्याप्त गर्म वस्त्र हैं और यह विवाद सुलझ जाए तो वह घर चली जाएगी। यह मां बेटी वी आई पी रोड पर फुटपाथ पर बैठी थी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय के पास फुटपाथ पर रात्रि विश्राम कर रहे नागरिकों से भी बातचीत की उन्हें कंबल प्रदान किया।

सीएम ने लाल परेड मैदान के पास मजार के निकट फुटपाथ पर भी कुछ रात्रि विश्राम कर रहे लोगों को कंबल प्रदान किए। नगर के स्थान को देखने के बाद नागरिकों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री जी ने कलेक्टर भोपाल श्री आशीष सिंह को ऐसे नागरिकों की शीतकाल में आवश्यक सहायता के लिए दल गठित कर सहायता देने के निर्देश दिए।

# प्रबंध संचालक ने की परियोजनाओं की समीक्षा

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कम्पनी द्वारा क्रियांवित परियोजनाओं की समीक्षा की। यादव ने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय पर पूरी करें जल प्रदाय और सीवेज परियोजनायें।परियोजना साइट्स पर लेबर व मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। 31 दिसम्बर तक के जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करें। प्रबंध संचालक ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए फिलहाल अनुकूल मौसम है, अत: कार्य में तेजी लायें। काम में धीमी गति स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार निर्माण कार्य तेजी से करने के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। प्रबंध संचालक ने समस्त परियोजना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि फील्ड में नियमित रूप से भ्रमण करते रहें, और परियोजनाओं की भौतिक स्थिति से अद्यतन रहें। अगली समीक्षा बैठक में परियोजना प्रबंधक सीधे साइट्स से ही जुडें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवपलमेंट कम्पनी एशियन डेवपलमेंट बैंक,विश्व बैंक, जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू और विशेष निधि के माध्यम से प्रदेश के 135 निकायों में जल प्रदाय और 28 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य कर रही है।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री शिवम वर्मा, प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री विजय कुमार गुप्ता श्री आनंद सिंह सहित सभी संबंधित मौजूद रहे। इकाईयों के परियोजना प्रबंधक और संविदाकार के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## राष्ट्रीय बालरंग में आए 22 राज्यों के विद्यार्थी

भोपाल। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षारश्मि अरुण शमी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय बालरंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती शमी ने कहा कि यह बालरंग कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि एक दूसरे की संस्कृति को जानने और सीखने का एक सशक्त माध्यम भी है। बालरंग के इस मंच के माध्यम से देश भर के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों को एक दूसरे के समीप आने का अवसर मिलता है और उनमें मित्रता का संबंध स्थापित होता है। विविध साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से उनको भविष्य में कॅरियर चुनने में सहायक बनता है। श्रीमती शमी ने बताया कि इस वर्ष बालरंग में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग ने उद्यम संस्था के साथ तेजस्वी कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें बच्चों में उद्यमशीलता को विकसित करने का ध्येय समाहित है। बच्चों में उद्यमशीलता विकसित करने के उद्देश्य से बालरंग प्रतियोगिता में एक स्टॉल भी लगाया गया है, जिसमें बच्चों के द्वारा निर्मित वस्तुओं का विक्रय बच्चों में उद्यम कौशल (एंटरप्रेन्योरशिप स्किल्स) विकसित करेगा। आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने बच्चों द्वारा लगाई गई लघु भारत प्रदर्शनी एक भारत - श्रेष्ठ भारत एवं फूड जोन का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन कर उनका मनोबल एवं उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे, उप सचिव श्रीमती मंजूषा राय, संचालक लोक शिक्षण श्री डी एस कुशवाह एवं विभागीय अधिकारीगण सहित विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागी विद्यार्थी एवं उनके मेंटर्स उपस्थित रहे। राष्ट्रीय बालरंग प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के लगभग 430 प्रतिभागी विद्यार्थी अपने राज्यों के लोकनृत्य की प्रस्तुति दे रहे हैं, इनमें सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शीर्ष तीन लोकनृत्य प्रस्तुतियों को 21 दिसंबर को समापन समारोह के अवसर पर पुरुस्कृत किया जायेगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलाया टीएमसी सांसद का पुतला







सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया, और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाया गया, यह सिर्फ राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। यह विदेशों में बसे लाखों भारतीयों का भी अपमान है और इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय एवं भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने रोशनपुरा चौराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के पुतला दहन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि उपराष्ट्रपति जी के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही इंडी गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री भले ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने की हो, जो कैमरे के सामने एक महिला विधायक के गाल खींचकर अभद्रता करने में संकोच नहीं करते। लेकिन अपने ठहाकों और तालियों से उत्साहवर्धन करने वाले अन्य दलों के सांसद भी इसमें सहभागी रहे हैं।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक विश्वास सारंग, रामेश्वर शर्मा, पार्टी के विधायक रमेश मेंदोला, अमर सिंह यादव, अभिलाष पाण्डे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सुरेंद्र शर्मा, रविंद्र रति, जगदीश यादव, कृष्ण मोहन सोनी, सुनील पांडे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, राजेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल रेनवाल, सतीश विश्वकर्मा, मनोज राठौर, राहुल राजपूत, भाषित दीक्षित, आरके सिंह बघेल, राजकुमार विश्वकर्मा, राजू अनेजा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना जाचक, आरती अनेजा, टीटी नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, रवि शर्मा, योगेंद्र मुखरैया, दिव्या ऋषि तिवारी, प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एम्स में गुलियन बैरे सिंड्रोम का सफल उपचार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स के बाल रोग विभाग के आईसीयू वार्ड में 107 दिनों के लंबे समय तक रहने के बाद गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से पीड़ित 5 वर्षीय बच्ची के सफल उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। मरीज को एम्स, भोपाल के बाल रोग विभाग में बढ़ती कमजोरी, अंगों को हिलाने में असमर्थता और सांस लेने में बढ़ती कठिनाई की शिकायत के साथ भर्ती कराया गया था। बाल रोग विभाग के सलाहकारों, रेजिडेंट डॉक्टरों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने मरीज को चौबीसों घंटे देखभाल और पुनर्वास प्रदान किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मरीज को सर्वोत्तम संभव उपचार मिले। रोगी ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई और इस चुनौतीपूर्ण स्थिति पर काबू पाकर 2 महीने के लंबे समय तक वेंटिलेशन पर रहने के बाद घर लौट रही है। मरीज को अभी ट्रेकियोस्टोमाइज्ड किया गया है। अब वह अपने हाथ पैरों को हिलाने में भी सक्षम है। पूरी तरह से ठीक होने के लिए अब मरीज को फिजियोथेरेपी और आउट पेशेंट फॉलो-अप जारी रखना होगा । बाल चिकित्सा सर्जरी, ईएनटी, प्रयोगशाला सहायता और उसके परिवार के साथ मिलकर मेडिकल टीम के संयुक्त प्रयासों ने इस सफल परिणाम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ ) अजय सिंह ने पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

क्या है गुलियन बैरे सिंड्रोम (जी बी एस)?

यह एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाता है, अचानक शरीर को ही अटैक करना शुरू कर देता है। इसी वजह से इसे ऑटो इम्यून डिसऑर्डर भी कहा जाता है। आसान भाषा में कहें, तो इस सिंड्रोम से जूझ रहे व्यक्ति को बोलने में, चलने में, निगलने में, मल त्यागने में या रोज की आम चीजों को करने में दिक्कत आती है। यह स्थिति समय के साथ और खराब होती जाती है। गुलियन बैरे सिंड्रोम एक ऐसा विकार है, जिसमें रोगी के शरीर में पहले सिहरन या दर्द होने लगता है और फिर उसके बाद उसकी मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

# माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि एवं हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि जयपुर के बीच एमओयू

**भोपाल/जयपुर।** एशिया की पहली एवं भारत की सबसे बड़ी मीडिया युनिवर्सिटी माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल एवं राजस्थान के हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर ने बुधवार को शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को संयुक्त रूप से बढ़ाने के लिए एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए । एमसीयू के कुलपति प्रो.(डॉ.) केजी सुरेश एवं एचजेयू की कुलपति प्रो.(डॉ.) सुधि राजीव के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद एमसीयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सुरेश ने कहा, यह मीडिया शिक्षा में एक मील का पत्थर है। हम साथ मिलकर न केवल दो संस्थानों के लिए बल्कि पूरे भारत में मीडिया शिक्षा के लिए नए मानक स्थापित करेंगे। इस अवसर पर एचजेयू की कुलपति प्रोफेसर सुधी राजीव ने कहा, तकनीकी-संचालित युग में मीडिया के सामने सबसे बड़ा कार्य लोकतंत्र, तर्क और स्वतंत्रता को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय बुनियादी मूल्यों को बनाए रखने के लिए सहयोग कर रहे हैं और इस संबंध में प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। एमओयू के अनुसार, दोनों पक्ष सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए कि आपसी हितों के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान में उनकी गतिविधियों से संबंधित जानकारी के आदान-प्रदान में सहयोग करेंगे। वे कौशल शिक्षा और सामान्य शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकास में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। सुविधाओं तक एक दूसरे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की पहुंच, समान शैक्षणिक उद्देश्य और लघु पाठ्यक्रम संचालित करने पर दोनों राजी हुए। संयुक्त शिक्षण, अनुसंधान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ चलाने पर भी सहमति बनी है। एमओयू ने संस्थानों के बीच संकाय, विद्वानों और छात्रों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने की बात कही है। साथ ही स्टाफ के व्यावसायिक विकास के लिए संयुक्त प्रयास होंगे।शैक्षिक सामग्री एवं संसाधनों के आदान-प्रदान अथवा निर्माण के प्रयास भी किए जायेंगे। सेमिनार एवं शैक्षणिक बैठकों में भागीदारी के प्रयास पर भी दोनों पक्षों में सहमति बनी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## स म्पा द की य

# कोरोना फिर मैदान में...



देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में सामने आ रहे हैं। वहां बीते 24 घंटे में कोरोना के 300 नए मामले सामने आए, साथ ही तीन कोरोना मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं, इनमें से 300 अकेले केरल में मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में कोरोना के कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2,341 हो गए हैं। वहीं देश में कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2669 हो गए हैं।

हालांकि देश में कोरोना संक्रमण को मात देकर स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या 68,37,414 हो गई है, लेकिन केरल सहित तीन राज्यों में कुल छह मौतें चौबीस घंटों के दौरान हुई हैं, ये चिंता की बात तो है। इस बार पिरोला के वंशज जेएन.1 के 20 सीक्वेंस का कहर शुरू हो रहा है। भारतीय सार्स सीओवी-2 जिनोमिकी संगठन (इंसाकोग) केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद व भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ संयुक्त रूप से शुरू किया गया है।

यह जीनोमिक विकास की निगरानी के लिए 54 प्रयोगशालाओं का संघ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सब-वैरिएंट के कारण अमेरिका सहित विभिन्न देशों में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। जेएन.1 पश्चिमी देशों में सबसे तेजी से बढ़ता वैरिएंट है। एशिया में इसके मामले इंडोनेशिया और थाइलैंड में भी सामने आ रहे हैं। यह अप्रैल 2023 में आई हालिया लहर के दौरान इंसाकोग इंडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए एक्सबीबी सीक्वेंस की बड़ी संख्या की तुलना में एक पूरे नए वैरिएंट के बारे में बताता है।

पल्मोनोलॉजिस्ट मानते हैं कि बहुत ज्यादा प्रदूषण और ठंड ने स्थिति और गंभीर कर दी है। देश के तीन राज्यों में मिल रहे नए मरीजों को देखते हुए अब हमें खुद का ध्यान रखने की ज्यादा जरूरत है। हम सुनिश्चित करें कि अगर घर पर कमजोर इम्यूनिटी वाला व्यक्ति है, गंभीर बीमारी वाले बुजुर्ग, गर्भवती महिला हैं तो सार्वजनिक जगहों पर वह मास्क पहनें, नए वैरिएंट से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग रखें। सबको हाथों की सफाई का ख्याल रखना होगा, सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भीड़भाड़ वाली और सटकर बनी सार्वजनिक जगहों पर जाने से बचें। संक्रमित और गैर-संक्रमित दोनों के लिए एहतियात के तौर पर संक्रमित लोगों को घर पर ही आइसोलेट करें। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर उबला पानी पीने व ताजे पके स्वच्छ भोजन की आदत है, तो 80 प्रतिशत समस्याओं से वैसे ही बच जाएंगे।

एक तरफ कोरोना का नया वेरियेंट और दूसरी तरफ अस्पतालों में बढ़ती सर्दी-जुकाम के मरीजों की भीड़, कहीं न कहीं परेशान करने वाली तो है। देश के अधिकांश हिस्सों में सर्दी का मौसम चल रहा है और इस मौसम में वैसे भी सर्दी, जुकाम, इन्फ्लुएंजा, वायरल ज्वर का हमला होता है और कम इम्युनिटी वाले तुरंत इसके घेरे में आ भी जाते हैं। इसलिए एक तो हमें सबसे पहले इम्युनिटी बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। कोई भी बीमारी या बाहरी ताकत हमें तभी हरा सकती है, जब हम कमजोर होते हैं।

कोविड काल के गंभीर परिणामों ने हालांकि हमें बहुत कुछ सिखा दिया है, परंतु एक बात ये भी सही है कि हम पिछले दो साल से थोड़े लापरवाह भी होते जा रहे हैं। ये लापरवाही ठीक नहीं। हमें अब हमेशा किसी न किसी वायरस या बीमारी के हमले के लिए तैयार रहने की आदत ही डालनी होगी। सरकारें और स्वास्थ्य विभाग दावा भले ही कर रहे हैं कि कोरोना का नया वेरियेंट ज्यादा घातक नहीं है, लेकिन लोग बीमार भी पड़ रहे हैं और मौतें भी हो रही हैं। मौतों का खौफ तो होता ही है। सो वायरस कोई भी हो, कैसा भी हो, असर तो करेगा ही। और यह असर स्वास्थ्य के लिए थोड़ा हो या बहुत, घातक भी होगा।

हां, एक समस्या यह सामने आ सकती है कि अस्पतालों ने जो आक्सीजन के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की थी, संयंत्र भी लगाए गए थे, वो आज जंग खा रहे हैं। अस्पतालों को ढील देने की कोई बात ही नहीं हुई थी, लेकिन कोविड का फंड जैसे बेकार ही चला गया हो। सर्दी-जुकाम तक के लिए हमारे सरकारी अस्पताल तैयार नहीं हैं। इसलिए खुद को ही ऐसे वायरल हमलों और बीमारियों के लिए तैयार करना होगा। सावधानी बरतें, सुरक्षित रहें।

# गतिरोध एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री दुर्भाग्यपूर्ण

**ललित गर्ग**

लोकसभा एवं राज्यसभा में सत्तापक्ष या विपक्ष का अनुचित एवं अलोकतांत्रिक व्यवहार न केवल अशोभनीय, अनुचित एवं मर्यादाहीन है बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आदर्श परम्पराओं को धुंधलाने वाला है। शीतकालीन सत्र से लोकसभा के अब तक 95 एवं राज्यसभा के 46 कुल 141 सांसदों को सस्पेंड किए जाने के बाद विपक्षी सांसद संसद परिसर में धरना दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी की और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारकर मिमिक्री की, निश्चित ही इस तरह का अपमानजनक एवं अशालीन व्यवहार भारत के लोकतंत्र को कलंकित करने की चिन्ताजनक घटना है। उपराष्ट्रपति सर्वोच्च एवं सम्मानजनक पद है, इसकी गरिमा को आहत करना एवं उस पर आंच आने का अर्थ है राष्ट्र की अस्मिता एवं अस्तित्व को धुंधलाने की कुचेष्टा। तभी उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह हास्यास्पद और अस्वीकार्य है कि एक सांसद मेरी मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना का वीडियो बना रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुझे अपनी परवाह नहीं है, मैं ये बर्दाश्त कर सकता हूं. लेकिन मैं कुर्सी का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। इस कुर्सी की गरिमा बरकरार रखने की जिम्मेदारी मेरी है। मेरी जाति, मेरी पृष्ठभूमि, इस कुर्सी का अपमान किया गया है। यहां बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने और हमारे संवैधानिक सर्वोच्च संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। इतने अधिक सांसदों का निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति का अपमान लोकतांत्रिक इतिहास में इन्हें दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के रूप में देखा जाएगा।

यह विपक्षी दलों की बौखलाहट ही है कि अपनी सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने की जुगत में वे जायज-नाजायज सभी तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं, यह भूलकर की उनकी भी कुछ मर्यादाएं एवं लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। यही





विपक्ष कभी राष्ट्रपति तो कभी उपराष्ट्रपति, तो कभी प्रधानमंत्री के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। प्रधानमंत्री के लिए तो तानाशाह, हिटलर, नीच, मौत का सौदागर या कई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किये हैं। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। लोकतंत्र में असहमति एवं आलोचना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है और इसे उसी रूप में लेने की जरूरत है, लेकिन हठधर्मिता, विध्वंसात्मक नीति एवं मिमिक्री करने जैसी घटनाओं से लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसे अलोकतांत्रिक विपक्ष की नींव पर कैसे साकार होगा? यहां तो सभी दल अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। हालांकि विपक्षी दलों के तमाम अलोकतांत्रिक विरोध एवं उच्छृंखल रवैये ने निराशा का ही वातावरण बनाया है।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलत: पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? क्यों विपक्षी दल इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। लोकतंत्रीय पद्धति में किसी भी विचार, कार्य, निर्णय और जीवनशैली की आलोचना पर प्रतिबंध नहीं है। किन्तु आलोचक का यह कर्तव्य है कि वह पूर्व पक्ष को सही रूप में समझकर ही उसे अपनी आलोचना की छेनी से तराशे। किसी भी तथ्य को गलत रूप में प्रस्तुत कर उसकी आक्षेपात्मक आलोचना करना उचित नहीं है। जिन दलों, लोगों एवं विचारधाराओं का उद्देश्य ही निन्दा करने का हो, उनकी समझ सही कैसे हो? जिसका काम ही किसी अच्छे काम या मन्तव्य को जलील करने का हो, वह सत्य का आईना लेकर क्यों चलेगा?

विपक्षी दलों की हठधर्मिता से खड़े हुए गतिरोध के चलते संसद के शीत सत्र के बचे हुए दिनों में भी सुचारू ढंग से कामकाज होने के कोई आसार नहीं दिख रहे। ध्यान रहे, अगले आम चुनाव से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी पूर्णकालीन सत्र है और इसमें कई अहम बिलों पर चर्चा होनी है। लेकिन पक्ष-विपक्ष का जो रवैया है उसे देखते हुए यही लगता है कि विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी चर्चा के ही इन बिलों को पास घोषित करना पड़ेगा। कितना दुखद प्रतीत होता है जब कई-कई दिन संसद में ढंग से काम नहीं हो पाता है। विवादों का ऐसा सिलसिला खड़ा कर दिया जाता है कि संसद में सारी शालीनता एवं मर्यादा को ताक पर रख दिया जाता है। विवाद तो संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर बार-बार आते हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आती है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने, मिमिक्री करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत एवं शालीन विपक्ष की भी जरूरत होती है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया, उससे वह बेहद व्यथित हैं। व्यथित तो समूचा राष्ट्र है। राष्ट्रपति ने तो कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शालीन तथा मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमारी संसदीय परंपराएं हैं जिन पर हमें गर्व है और हम उन्हें बरकरार रखने की आशा करते हैं।' भारत की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। संसद एक ऐसा मंच है जहां विरोधी पक्ष के सांसद आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा, नारेबाजी, मिमिक्री करने की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

# सुधार जारी रहें

लोकसभा में सोमवार को पेश किए गए टेलिकम्युनिकेशंस बिल, 2023 में लाइसेंसिंग और स्पेक्ट्रम एलोकेशन सहित इस सेक्टर के रेग्युलेटरी मैकेनिज्म में बड़े बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। यह बिल कानून बन जाने के बाद इंडियन टेलिग्राफ एक्ट 1885, वायरलेस टेलिग्राफ एक्ट 1933 और टेलिग्राफ वायर्स (अनलॉफुल पजेशन) एक्ट 1950 जैसे कानूनों की जगह लेगा। ये कानून तेजी से बदलते इस क्षेत्र के लिए पुराने पड़ते जा रहे थे और इन्हें बदलने की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। लेकिन इस बिल में प्रस्तावित बदलावों पर विचार करने से पहले पिछले दस वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में हुए सुधारों और उनके परिणामों पर एक नजर डाल लेना बेहतर होगा।

सरकार ने इस दौरान एजीआर यानी एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू की परिभाषा, बैंक गारंटी की जरूरत में तो बदलाव किया ही, डब्ल्यूपीसी यानी वायरलेस प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन विंग की




प्रक्रिया में भी पूर्ण सुधार किया। राइट्स ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) की प्रक्रिया भी आसान बनाई गई और वाजिब शुल्क निर्धारित किए गए। यही नहीं सुरक्षा उपायों के साथ 100 फीसदी एफडीआई की भी इजाजत दी गई।

**सुधारों की अगली कड़ी**

टेलिकम्युनिकेशंस बिल 2023 इन्हीं सुधारों की कड़ी को आगे बढ़ा रहा है। इसके मुताबिक स्पेक्ट्रम सौंपने का मुख्य तरीका ऑक्शन होगा। एडमिनिस्ट्रेटिव असाइनमेंट केवल जनहित (जैसे मेट्रो, सामुदायिक रेडियो) सरकारी कार्य (जैसे रक्षा, रेलवे, पुलिस) और उन क्षेत्रों तक सीमित होगा, जिनमें तकनीकी या आर्थिक कारणों से ऑक्शन को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। इसमें काम में न लाए जाने वाले स्पेक्ट्रम सरकार को वापस लौटाने का भी प्रावधान है। भूलवश कानून का उल्लंघन होने पर स्वेच्छा से अपनी गलती मानने का विकल्प है। विवाद निपटाने के लिए भी बहुस्तरीय व्यवस्था है और इस पूरी प्रक्रिया को डिजिटल रखा गया है।

**इंटरसेप्शन के प्रावधान**

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इंटरसेप्शन के कुछ अधिकार सरकार के पास होने जरूरी हैं। फिर भी कुछ हलकों में इससे जुड़े पहलुओं पर चिंता है। लेकिन इस चिंता का औचित्य और उसका हल सही अर्थों में तभी सामने आएगा जब यह बिल कानून बनेगा और इसके उपयोग या दुरुपयोग से जुड़े पहलू व्यवहार में दिखने शुरू होंगे। कुल मिलाकर इस बिल में जिन कदमों का प्रस्ताव किया गया है, उससे टेलिकॉम इंडस्ट्री और डिजिटल इकॉनमी को और रफ्तार मिलेगी।

# मोहन कैबिनेट के गठन में देरी की ये है बड़ी वजह, 7 पेंच

**हरीश दिवेकर**

मध्यप्रदेश में मोहन सरकार काबिज होते ही मंत्रिमंडल पर चर्चा शुरू हो चुकी है और जिस तेजी से चर्चा आगे बढ़ रही थी उस पर उतना ही जोर से ब्रेक लग चुका है। मंत्रिमंडल तो गठित होगा, ये बात तय है, लेकिन ये काम भी बीजेपी के लिए उतना ही मुश्किल है, जितना मुश्किल सीएम फेस का चयन करना था।

किस तरह का खेल जमाना चाहती है बीजेपी

अब सेनापति तय है, लेकिन उसकी सेना तैयार करने में बीजेपी के फिर पसीने छूट रहे हैं। वजह है बमुश्किल 4 महीने बाद होने वाला लोकसभा चुनाव। जिसके मद्देनजर बीजेपी पांसे इस तरह जमाना चाहती है कि कांग्रेस के प्यादे बिसात पर आएं तो, लेकिन एक भी घर न जीत पाएं। बीजेपी इस बार लोकसभा की 29 की 29 सीट अपने नाम करना चाहती है। मंत्रिमंडल विस्तार में हुई एक गलती इस कोशिश पर पानी फेर सकती है।

अधर में लटका मंत्रिमंडल विस्तार

यही वजह है कि मंत्रिमंडल विस्तार की पूरी तैयारी होने के बावजूद उसे टाल दिया गया। जबकि इस कवायद के लिए राजपाल ने भी अपना शेड्यूल बदला और तयशुदा समय से पहले ही भोपाल भी आ गए। फिर खबर आई कि मंत्रियों की लिस्ट दिल्ली से ही फाइनल होगी। उसके बाद से ही मुद्दा अधर में लटका हुआ है।

हर चेहरे पर अटका पेंच

पेंच एकाध होता तो शायद बीजेपी के मंझे हुए रणनीतिकार उसे चुटकियों में खत्म कर देते, लेकिन अभी हर चेहरे के साथ एक पेंच अटका हुआ है। सबसे पहला पेंच है कि जितने सीनियर इस बार विधानसभा में पहुंच चुके हैं, उन्हें कैसे एडजस्ट किया जाए। अगर कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह सरीखे सभी नेताओं को मोहन यादव के मातहत मंत्री बना दिया जाएगा तो बड़े ओहदे पर होने के बावजूद मोहन यादव इन दिग्गजों को कैसे मैनेज कर पाएंगे। दूसरा पेंच ये है कि अगर इन दिग्गजों को मंत्री नहीं बनाया गया तो फिर इन्हें क्या भूमिका दी जाएगी।

तीसरा पेंच मध्यप्रदेश के वरिष्ठ विधायक। जो पहले भी मंत्री रह चुके हैं और फिर सदन में पहुंच गए हैं। सीनियोरिटी के नाते उन्हें भी उम्मीद तो होगी ही कि वो फिर मंत्रिमंडल का चेहरा बनेंगे। हालांकि बीजेपी अपनी ओर से ये स्पष्ट कर चुकी है कि तीन बार मंत्री रह चुके विधायकों को इस बार मौका नहीं मिलेगा। लेकिन क्या ये काम इतना आसान होगा। जो सीनियर विधायक इस बात से



नाराज होंगे वो लोकसभा चुनाव पर असर डाल सकते हैं, ये डर तो जायज है।

चौथा पेंच हैं वो चेहरे जो शिवराज सिंह चौहान के बहुत करीबी रह चुके हैं। इस बार 12 मंत्री हार चुके हैं। इसके बावजूद शिवराज के करीबी विधानसभा तक पहुंचने में कामयाब हुए हैं। उन्हें मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी या नहीं ये भी तय करना जरूरी है।

पांचवा पेंच हैं वो विधायक जो कांग्रेसी दिग्गजों को हराकर सदन में पहुंचे हैं।

किसे क्या मिलेगा ?

इस बार गोविंद सिंह, कुणाल चौधरी, जीतू पटवारी, सज्जन सिंह वर्मा जैसे नेता चुनाव हार गए। अब ये कांग्रेसी तो लोकसभा में मुकद्दर आजमा सकते हैं, लेकिन इन्हें हराने वाले विधायकों को क्या रिवॉर्ड मिलेगा। इस सवाल का जवाब ढूंढना भी जरूरी है। क्योंकि ये जवाब नहीं ढूंढा तो हो सकता है कि नए विधायक बेमन से चुनावी मैदान में काम करें। कांग्रेसी धुरंधर उसका फायदा लोकसभा में उठा लें। आधा दर्जन से ज्यादा बीजेपी नेताओं ने चंबल-ग्वालियर और बुंदेलखंड अंचल में कांग्रेस के दिग्गजों को धूल चटाई है। इनमें भिंड की लहार सीट पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को अंबरीश शर्मा और भिंड में चौधरी राकेश सिंह को नरेंद्र सिंह कुशवाह ने हराया है। शिवपुरी में केपी सिंह को देवेंद्र कुमार जैन, चाचौड़ा में लक्ष्मण प्रियंका मीणा और सेवढ़ा में घनश्याम सिंह को प्रदीप अग्रवाल सिंह ने शिकस्त दी है। इसी प्रकार बुंदेलखंड के छतरपुर में आलोक चतुर्वेदी को ललिता यादव और पन्ना जिले में मुकेश नायक को प्रहलाद लोधी ने हराया है। मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए इन 6 नामों पर लगातार दूसरी बार विचार हुआ है। भोपाल दक्षिण पश्चिम से भगवानदास सबनानी और भोजपुर से जीते सुरेंद्र पटवा ने भी कांग्रेस के दिग्गजों को हराया है। सबनानी ने पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को शिकस्त दी है जबकि पटवा ने पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को, इसलिए मंत्री बनने के लिए इनके नाम चर्चा में हैं।

दिल्ली बैठक में होगा विचार

जबलपुर पश्चिम में कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री रहे तरुण भनोत को हराने वाले राकेश सिंह खुद बीजेपी के दिग्गज हैं। इसके अलावा मैहर में नारायण त्रिपाठी को हराने वाले श्रीकांत चतुर्वेदी, सिहावल में पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को मात देने वाले विश्वामित्र पाठक और लांजी में हिना कांवरे को शिकस्त देने वाले राजकुमार कर्राए को मंत्री बनाए जाने के लिए दिल्ली की बैठक में विचार किए जाने की सूचना है। मालवा के 4 बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस के दिग्गजों को हराया है। इनमें सोनकच्छ में सज्जन सिंह वर्मा को राजेश सोनकर, महेश्वर में विजयलक्ष्मी साधौ को राजकुमार मेव, राऊ में जीतू पटवारी को मधु वर्मा और दीपक जोशी को आशीष कोविंद शर्मा ने मात दी है।

छठवां पेंच है जाति और अंचल के आधार पर सही चेहरे का चयन करना। मालवा से अगर कैलाश विजयवर्गीय को चुना जाता है तो क्या सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले रमेश मंदोला को अनदेखा कर दिया जाएगा। इसी तरह राकेश सिंह और प्रहलाद पटेल में से किसे मौका मिलेगा। जीतकर आने के बाद रीति पाठक भी मंत्रिमंडल में जगह मिलने की आस जरूर लगाएंगी। विंध्य क्षेत्र में बीजेपी के पास दूसरे भी मुखर ब्राह्मण चेहरे हैं। किसी मौका मिलेगा किसे नहीं ये शॉर्टलिस्ट करना आसान नहीं है। अगर सभी ब्राह्मणों को मौका मिल गया तो ठाकुर और अन्य जातियों के प्रतिनिधित्व का क्या होगा। भोपाल जिले की सीट से रामेश्वर शर्मा और कृष्णा गौर भी रिकॉर्ड मतों से जीते हैं। दोनों को ही अपनी बारी का इंतजार जरूर होगा।

सातवां पेंच हैं बड़े गुट। बीजेपी भले ही गुटबाजी से इनकार करती रहे। लेकिन ये सच है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के जीते हुए समर्थक गोविंद राजपूत, तुलसी सिलावट, प्रद्युम्न सिंह तोमर। मालवा निमाड़ से कैलाश गुट के रमेश मेंदोला, इंदर परमार, निर्मला भूरिया, मंजू दादू, ग्वालियर चंबल से एंदल कंसाना, अमरीश शर्मा, बृजेंद्र यादव के नाम चर्चा में शामिल करना मजबूरी है।

हालांकि ये तय माना जा रहा है कि विंध्य इलाके से दिव्यराज सिंह, कुंवर टेकाम, महाकौशल से संपतिया उइके, ओम प्रकाश धुर्वे और भोपाल-नर्मदापुरम संभाग से रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, कृष्णा गौर, विश्वास सारंग और विजय शाह को मोहन मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना है। बुंदेलखंड से ललिता यादव, प्रदीप लारिया, बृजेंद्र प्रताप सिंह, हरिशंकर खटीक और गोपाल भार्गव को मंत्री बनाया जा सकता है।

मंत्रियों की संख्या कम

हालात ये है कि मंत्रियों की संख्या बहुत कम रखी जा सकती है। जबकि जीतकर आए दिग्गज और उम्मीद लगाए रखने वाले नए चेहरों की गिनती बहुत ज्यादा हो गई है। एमपी में सीएम सहित मंत्रिमंडल में 35 नेता हो सकते हैं। एक सीएम और 2 डिप्टी सीएम पहले ही हो चुके हैं। अब केवल 32 चेहरों की जगह शेष है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी, तो दोनों डिप्टी सीएम सवर्ण और एससी कोटे से आते हैं। इसलिए अन्य जातियों के विधायकों को मंत्रिमंडल में ज्यादा जगह मिलने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव देखते हुए भाजपा अन्य जातियों को लुभाने की भी कोशिश जरूर करना चाहेगी।

बीजेपी के चाणक्य कर रहे माथापच्ची

लोकसभा चुनाव सिर पर न होते तो बीजेपी के लिए 32 चेहरे चुनना बहुत आसान होता। लेकिन अभी हालात अलग हैं। कोशिश है कि हर लोकसभा सीट से मंत्रिमंडल में एक चेहरा पहुंचे। जो जातीय समीकरणों पर भी बिलकुल फिट बैठता हो। जिस पर बीजेपी के चाणक्य फिर माथा पच्ची कर रहे हैं। अब तक बीजेपी के अधिकांश चुनावी पैंतरे सही ही साबित हुए हैं तो क्या मंत्रिमंडल गठन बीजेपी एक बार फिर कांग्रेस से चार कदम आगे निकलने में कामयाब हो पाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# शीत लहर के चलते स्कूल संचालक खुले में वार्षिकोत्सव न करें : ललिता यादव



छतरपुर। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने छतरपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी स्कूल संचालकों से अनुरोध किया है कि शीत लहर का प्रकोप होने के कारण स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों के कार्यक्रम खुले मैदान में न करें। कार्यक्रम स्थल में पण्डाल जरूर लगवाएं ताकि छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर शीतलहर का असर न पड़े। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि उन्हें स्कूल संचालकों से यह अनुरोध बच्चों के अभिभावकों की शीतलहर में चिंता के कारण करना पड़ रहा है । क्योंकि कई घंटों तक बच्चों के साथ अभिभावकों को भी खुले आसमान में बैठना पड़ता है इससे अभिभावक तक प्रभावित होते हैं तथा बच्चों पर भी ठण्ड का अवश्य प्रभाव पड़ता है। इसके लिये छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी ध्यान देने की बात कही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



**छतरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है और योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम महयावा, बसराही, परा, कर्री, दिदवारा, पुरा, पड़रिया, चाचईसेमरा, लखनगुवां, विजयपुर, महेबा, खरका, नहदौरा, प्रतापपुरा, मऊपुर एवं सैला में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों में लगी एलईडी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपने अनुभव साझा किये गये।

## कल विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**छतरपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा छतरपुर जिले के सभी आठ विकासखण्डों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से एक ओर जहां योजनाओं और विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी जन जन तक पहुंच रही है वहीं लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ देने स्टॉल लगने से पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में 21 दिसंबर को यात्रा सोलह ग्रामों में पहुंचेगी। दादूताल, कैथेहा, सड़वा, धनगुवां, मिड़का, बम्हौरी, कुशमाढ़, गढ़ीसेमरा, जखरौनकला, नारायणपुरा, ढिलापुर, रामपुर, बिला, हकीमपुरा, दिलनियां एवं ढिगपुरा शामिल है।

# पूर्व विधायक अजय टंडन की बागेश्वर धाम की पैदल यात्रा प्रारंभ



दमोह से बागेश्वर धाम की पैदल यात्रा शुरू करने वाले चरण सेवक एवं दमोह के पूर्व विधायक श्री अजय टंडन ने आज सुबह घंटाघर स्थित श्री हनुमानगढ़ी और श्री देव जानकी रमण बूंदाबहू मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से हनुमान जी की पूजा पाठ कर पैदल यात्रा शुरू की जिसका रात्रि विश्राम हटा विधानसभा मे होगा ।

## गैर हाजिर प्रहरी को ड्यूटी पर उपस्थिति के लिए सूचना जारी

दमोह जिला जेल में पदस्थ प्रहरी पिछले 16 अक्टूबर 2023 से अपने कार्य स्थल से गैर हाजिर है। उसने अपनी अनुपस्थिति की कोई भी सूचना जिला जेल अधीक्षक कार्यालय को नहीं दी है। जिस पर जिला जेल अधीक्षक द्वारा सूचना जारी की गई है कि प्रहरी तत्काल कार्य स्थल पर अपनी आमद दे अन्यथा की दृष्टि में उसकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। जिला जेल अधीक्षक सीएल प्रजापति ने बताया कि जिला जेल दमोह में प्रहरी के पद पर पदस्थ पुष्पेन्द्र सिंह चौहान जिला जेल दमोह से दिनांक 16 अक्टूबर 2023 से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। प्रहरी को अनुपस्थिति के संबंध में कार्यालय अधीक्षक जिला जेल दमोह के पत्र क्रमांक 2041 / स्थापना /2023 दमोह 27 अक्टूबर 2023 के द्वारा स्पष्टीकरण जारी कर तत्काल कर्तव्य पर उपस्थित होने का उल्लेख किया गया था। जिस पर 14 दिसंबर 2023 तक प्रहरी उपस्थित नहीं हुआ है। अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रहरी को सूचित किया जाता है, कि प्रहरी जहां भी हो तत्काल अपने कर्तव्य पर उपस्थित हों अन्यथा प्रहरी के विरूद्ध सेवा से पृथक करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी

## महाविद्यालय परिवार द्वारा पगारे सम्मान



नर्मदा पुरम// जिले के सोहागपुर में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में सामाजिक एवं साहित्यिक अवदान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है, इसी तारतम्य में शांति धाम शमशान घाट गोकुल नगर खेड़ा इटारसी को नया स्वरूप देने वाले एवं सामाजिक कार्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा इटारसी के समाजसेवी प्रमोद पगारे को सम्मानित किया गया है। मुख्य अतिथि अरुण पटेल ,भोपाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष आचार्य मनमोहन मुद्गल, पूर्व विधायक सविता दीवान के द्वारा श्री पगारे जी को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनका सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि पगारे जी पत्रकारिता के साथ साथ विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े होकर समाजसेवी हैं।

## अतिक्रमणकरियों को अनुविभागीय अधिकारी ने दी हिदायत

# अतिक्रमण नहीं हटाया तो होगी जुर्माने की कार्यवाही



बैरसिया। बुधवार को नगर के मुख्य मार्गों एवं सरकारी भवन के आगे एवं अवैध रूप से गुमटी रेत गिट्टी के व्यापारियों सब्जी फलों के ठेले ऑटो संचालकों को कल तक सरकारी जगह से अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी नगर के चारों तरफ मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से रास्तों पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया जिसके चलते आम लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो एवं मुख्य मार्ग पर ऑटो के खड़े होने से दुर्घटना की आशंका के चलते अनुविभागीय अधिकारी विनोद सोनकिया ने सभी अतिक्रमणकारियों को बुधवार शाम तक अपना अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी है वहीं नगर पालिका के अधिकारियों सख्त निर्देश दिए हैं शहर की अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाए अतिक्रमण कारी अगर नहीं हटते हैं तो उन पर जुर्माने की कार्यवाही करें

यह अतिक्रमण नगर में जहां देखो जिधर तक नजर जाती है वहां सड़कों के दोनों और चारों मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण ही अतिक्रमण है यह अतिक्रमण शासकीय कार्यालय भवन आदि के आगे है नगर में जहां भी सरकारी भवन सरकारी जगह मिलती है वहीं अतिक्रमणकारियों गुमटियां रखकर बैठ जाते हैं नगर के नरसिंहगढ़ रोड पर तो 80 फीट की सड़क शाम होते होते 30 फिट में बदल जाती है जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है बड़ी-बड़ी दुकानों के व्यापारियों द्वारा अपना सामान 30 फीट रखकर बेचा जाता है जिससे काफी परेशानी होती है वहीं नरसिंहगढ़ रोड विदिशा रोड पर शॉप के आगे काफी भीड़ लगी रहने के कारण सड़क पर ही जाम लगा रहता है वहीं नगर के चौराहे पर फल फ्रूट सब्जी बेचने वालों के ठेले नगर के बीच सड़क पर ही बैठ जाते हैं जिससे आने जाने वाले वाहनों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ऐसे में नगर के चारों तरफ फैले अतिक्रमण के चलते लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला शाजापुर
नित्यानंद आश्रम के सामने ए.बी. रोड शाजापुर म.प्र.
दूरभाष-07364-292093Email- deoshj@mp.nic.in

क्रमांक / मान्यता / 2023 / 112 शाजापुर दिनांक, 14.12.2023
प्रति,
समस्त संस्था प्रधान / संचालक,
अशासकीय संस्था (समस्त बोर्ड) .......... (महत्वपूर्ण)
जिला-शाजापुर

विषय-अभिभावको की सहमति के संबंध में।

विषयान्तर्गत लेख है कि आगामी क्रिसमस के अवसर पर आपके विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले एवं क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज, विविध वेशभूषा एवं अन्य कोई पात्र बनाये जाने के लिए आपके द्वारा चयनीत छात्र/छात्राओं को उनके अभिभावक से लिखित अनुमति प्राप्त कर ही बनाया जावें।

किसी भी स्थिति में बिना अभिभावक की लिखित अनुमति के किसी भी छात्र-छात्रा की उक्त आयोजन में सहभागिता न कराई जावें। जिससे कि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हों।

इस संबंध में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत या विवाद संज्ञान में आने पर आपकी संस्था के विरूद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व आप स्वयं का होगा।

उपरोक्त पत्र को सर्वोच्च प्राथमिक्ता देवें।

14/12/23
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-शाजापुर

पृ.क्रमांक / मान्यता / 2023 / 113 शाजापुर दिनांक, 14.12.2023
प्रतिलिपि:-
1. आयुक्त लोक, शिक्षण मध्यप्रदेश
2. कलेक्टर, जिला शाजापुर
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग उज्जैन
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत शाजापुर
5. जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र जिला शाजापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला शाजापुर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. संकुल प्राचार्य समस्त शा.उ.मा.वि./हाईस्कूल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र जिला शाजापुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

14/12/23
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-शाजापुर

क्रिसमस को लेकर बहुत ही सही निर्णय लिया है...

## 05 वर्ष की बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय द्वारा अविलंब 02 लाख रुपए अतंरिम प्रतिकर दिये जाने का आदेश

**सीहोर।** श्यामपुर के चर्चित रूह कांपने वाले 05 वर्ष की बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय द्वारा अविलंब 02 लाख रुपए अतंरिम प्रतिकर दिये जाने का आदेश जारी किए हैं। अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है, दिनांक 16 दिसंबर 23 को पीडिता की मां ने सूचना दी कि मेरी एक लड़की उम्र 05 वर्ष एवं एक लडका सारांश उम्र 03 वर्ष का है। मेरे दोनो बच्चे सेंट जार्ज में पब्लिक स्कूल श्यामपुर में पढ़ते है । लडकी नर्सरी में पढ़ती है। मेरे दोनो बच्चे स्कूल वेन से पढ़ने जाते है दिनाक 13 दिसंबर के दोपहर सवा दो बजे करीबन स्कूल वेन से घर आये। मेरी लडकी स्कूल से आते से ही बाथरुम चली गई आधा घंटा तक जब बाहर नहीं आई तो मैं बाथरूम में गई मैने देखा की के गुदा द्वार से खून निकल रहा था। मैने पूछा क्या हो गया तो ने बताया की डेढ बजे करीबन स्कूल का वेन का ड्रायवर विनोद हाथ पकडकर स्कूल में बनी बाथरूम मे ले गया ओर सिलेक्स उतारकर पेशाब एवं लेटरीन ( गुदा द्वार ) में अपनी सुसु डालकर बुरा काम ( बलात्कार ) करना बताया एवं हाथ मरोडना गाल में पेट में घुसा मारना बताया। मेरी लड़की को लेटरीन की जगह पर काफी दर्द हो रहा, या उल्टी दस्त भी कर रही थी। मैने घर पर ही बाडी लोशन लगाया । मेरे पति बाहर गये हुये थे। मेरी लड़की ने मुझे बताया की विनोद ने मारने की धमकी दी है। मै व मेरी लड़की डर गये थे। मेरे पति कल रात को घर पर आये जिन्हें मैने घटना की पूरी बात बताई। तबियत ज्यादा खराब होने से मैं व मेरे पति लडकी को ईलाज हेतु हमीदिया अस्पताल भोपाल आ गये जहां मेरी लडकी का इलाज चल रहा है मेरी लड़की अस्पताल में भर्ती है। मैंने बदनामी के डर के कारण थाना श्यामपुर व अन्य किसी थाने में रिपोर्ट नही की है और अस्पताल में मैने पुलिस को सब कुछ बताया था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर , भोपाल रेफर

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के नजदीकी क्षेत्र करौली माता मंदिर के नजदीक रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनको उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को सीहोर से भोपाल की ओर करौली माता मंदिर के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंठ जाते समय अल्प समय के लिए रुके बरेली , भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## लाडली बहन योजना नहीं होगी बंद - पूर्व मुख्यमंत्री चौहान



बरेली7 मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को भोपाल से अमरकंठ के लिए निकले इस बीच श्री चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडीदीप सुल्तानपुर बाड़ी में भव्य स्वागत किया और अल्प समय के लिए शिवराज सिंह बरेली हेरीटेज पैलेस में रुके जहां पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ श्री शिवराज का स्वागत किया नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के नेतृत्व में बरेली नगर परिषद के पार्षद गणों ने बड़ी माला से स्वागत किया वहीं विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल के प्रतिनिधि के तौर पर विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर अभिज्ञान नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता मेरा परिवार है भाई बहन और मामा का रिश्ता हमेशा रहेगा उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र गृह क्षेत्र है वहीं मौजूद लाडली बहनों को कहा कि मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना बंद नहीं होगी7 अफ़वाहों पर ध्यान ना दें7 इस बीच पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, बरिष्ट नेता हरनाम सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत,शंकर सिंह पटेल, जोधाराम ठाकुर,मकरन सिंह पटेल, हेमंत पटेल बासपिपरिया, शेरसिहं चौधरी,गोविंद सिंह पटेल धामनपानी, नंदू चांडक,विठ्ठल भूतड़ा, शैलेन्द्र पटेल, हीरा भैया,मुकेश चौधरी, शुभम यादव, मनोज चौधरी, श्रवण कुमार धाकड़,रोहित चौधरी, राघवेन्द्र रघुवंशी,शारदा प्रसाद सराठे, पप्पू मेहरा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे 7

# क्रमोन्नति एवं समयमान वेतन को लेकर शैक्षणिक संबर्ग का संयुक्त संचालक को ज्ञापन



नर्मदा पुरम // मध्य प्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षणिक संबर्ग सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम जुलाई 2018 से लागू अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सहायक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक संवर्ग की भांति क्रमोन्नति वेतनमान योजना में सम्मिलित किया गया है, वहीं मध्य प्रदेश राज्य की सिविल सेवा के सदस्यों को सेवा में आगे बढ़ाने के निश्चित अवसर उपलब्ध कराने हेतु समयमान वेतनमान उच्च माध्यमिक शिक्षकों को दिए जाने का प्रावधान है। प्राथमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक को 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की क्रमोन्नति का लाभ तथा उच्च माध्यमिक शिक्षकों को समय मान वेतनमान देने का लाभ के संबंध में मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम मोहन रघुवंशी ने श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग को ज्ञापन सौपा । ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम, हरदा तथा बैतूल को भी निर्देशित करने का कष्ट करें। ज्ञापन देते समय मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडे, जिला अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, राकेश साहू, हरिप्रसाद परेवा आदि उपस्थित थे।

## स्टेडियम में आज होगा देश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों का जमावड़ा

# बुधवार रेड डायमंड और रघुकुल एकेडमी के बीच खेला गया पहला मुक़ाबला



बैतूल। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित टी-10 लीग टूर्नामेंट में बुधवार को दिन के तीन मुक़ाबले खेले गए। पहला मुक़ाबला रेड डायमंड और रघुकुल एकेडमी के बीच खेला गया। रेड डायमंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। शिवाजी ने दस ओवर में 120 रनों का टारगेट दिया और जवाब में रघुकुल 91 रन ही बना पाई और रेड डायमंड 28 रनों से मैच जीत गई। इस मैच का मेन ऑफ़ द मैच रोशन को दिया गया।

टूर्नामेंट के अध्यक्ष रानू वर्मा ने बताया दिन का दूसरा मुक़ाबला सोनी इलेवन और एसआरके क्लब के बीच खेला गया जिसमें सोनू क्लब ने टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया। निर्धारित दस ओवर में 54 रन पर आल आउट हो गई और यह मैच 7 विकेट से एसआरके जीत गई। इस मैच का मेन ऑफ़ द मैच लवकुश को दिया गया। टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष डॉ.वरुण वर्मा ने बताया कि पहले मैच की विजेता रेड डायमंड और दूसरे मैच की विजेता एसआरके क्लब के बीच खेला गया। रेड डायमंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में 92 रन बनाए। 93 रनों का पीछा करने उतरी एसआरके क्लब 89 रन बना पाई और यह मुक़ाबला 6 रनों से जीत लिया। इस मैच का मेन ऑफ़ द मैच ऋषभ को दिया गया। जिन्होंने 17 गेंदों में 39 रन बनाये। टूर्नामेंट के सचिव मोइज़ मंसूरी ने बताया कि बुधवार 21 दिसंबर को इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न जिलो के खिलाड़ी आयेंगे और आज भी इस टूर्नामेंट के रोमांचक तीन मुक़ाबले खेले जाएंगे।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ट्रेक्टर-ट्रालियों के पीछे लगाया जा रहा है रेडियम स्ट्रिप



औबेदुल्लागंज संवाददाता. जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ट्रेक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओ द्वारा मंगलवार को कृषि उपज मण्डी में धान विक्रय हेतु आई ट्रेक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम स्ट्रिप लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही वाहन चालकों को तेज गति से वाहन नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी जा रही है।

# उपभोक्ता आयोग बैतूल का आदेश, किसानों को मिलेगी फसल बीमा राशि

बैतूल। बैतूल, मुलताई व चिचोली तहसील के 4 किसानों को उपभोक्ता आयोग बैतूल के आदेश के बाद कुल 291182 रू. फसल बीमा राशि मिलेगी। इन किसानों को अन्य किसानों के साथ फसल बीमा राशि नहीं मिल पाई थी। आयोग में प्रकरण दर्ज करने के बाद आयोग द्वारा बीमा कंपनी व संबंधित बैंक भारतीय स्टेट बैंक व सेन्ट्रल म.प्र. ग्रामीण बैंक को दोषी मानते हुए किसानों की फसल बीमा राशि भुगतान किये जाने के आदेश दिये हैं। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष/न्यायाधीश विजयकुमार पाण्डेय एवं सदस्य चन्द्रशेखर माकोड़े ने दिया है।

एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि ग्राम चिखलीकला, तह. मुलताई की किसान हीराबाई रघुवंशी को केन्द्र सरकार के पोर्टल पर किसान से संबंधित जानकारी दर्ज नहीं होने के कारण तथा पटवारी हल्का बदलकर चिखलीखुर्द में कर देने से कम बीमा राशि मिली थी, जबकि किसान का पटवारी हल्का चिखलीकला है। किसान के हल्का में 62.02 प्रतिशत नुकसानी थी तथा बैंक द्वारा बदले गये पटवारी हल्का चिखलीखुर्द में 23.71 प्रतिशत नुकसानी थी, इस कारण किसान को कम बीमा राशि मिली थी। इस प्रकरण में आयोग ने बीमा कंपनी व भारतीय स्टेट बैंक मुलताई को संयुक्त रूप से किसान की शेष बीमा राशि 125678 रू. व मानसिक संत्रास व वाद व्यय के 13 हजार रू. का भुगतान करने का आदेश दिया है। इसी प्रकार ग्राम सोंडिया, तह. मुलताई के किसान विश्वपालसिंह रघुवंशी को 55416 रू. बीमा राशि व 8 हजार रू. मानसिक संत्रास व वाद व्यय के मिलेंगे तथा ग्राम बारव्ही, तह. बैतूल के किसान गुलाबराव बारस्कर को बीमा कंपनी द्वारा 28691 रू. बीमा राशि व 8 हजार रू. मानसिक संत्रास व वाद व्यय के मिलेंगे एवं ग्राम फोगरिया, तह. चिचोली के किसान जगपाल आ. बिरजलाल को बीमा कंपनी द्वारा 44397 रू. बीमा राशि व 8 हजार रू. मानसिक संत्रास व वाद व्यय के मिलेंगे। इस प्रकार चारो किसानों को 291182 रू. बीमा राशि, मानसिक संत्रास व वाद व्यय सहित 30 दिन के अन्दर दिये जाएंगे तथा परिवाद प्रस्तुत दिनांक से भुगतान दिवस तक वार्षिक ब्याज भी मिलेगा।


कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)
निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्र. 225/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 18/12/2023

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Period of Completion (in Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_311747_2 | CONSTRUCTION OF C C ROAD AT CHANDRIKA SOCITY ROHIT NAGAR W-52 Z-13 SECOND CALL | 3,98,102 /- | 02 months |
| 2 | 2023_UAD_308129 _2 | CONSTRUCTION OF C CROAD AT BAGH SEWANIYA BASTY W-54 Z-13 second call | 29,65,257/- | 03 months |
| 3 | 2023_UAD_311761 2 | CONSTRUCTION OF PATHWAY AND DEVELOPMENT OTHER WORK AT ROHIT NAGAR PHASE I OVER HEAD TANK PARK W- 52 Z-13 SECOND CALL | 8,87,671/- | 06 months |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be Published on website https:// www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Executive Engineer
नि.क्रं.1265/023/024 MUNICIPAL CORPORATION BHOPA,District BHOPAL

# अफसरों की लापरवाही से काली सूची में डाले गए ठेकेदार दुबारा निविदाओं में ले रहे भाग, ठेके हो रहे प्रभावित



भोपाल। प्रदेश में निविदा स्वीकृत होने के बाद भी अनुबंध नहीं करने वाले ठेकेदारों की अमानत राशि राजसात कर उन्हें काली सूची में डालने के निर्देश है लेकिन जलसंसाधन विभाग के कई कार्यपालन यंत्री ऐसे ठेकेदारों की जानकारी प्रमुख अभियंता कार्यालय को नही दे रहे है जिसके चलते काली सूची में डाले गए ऐसे ठेकेदार दुबारा विभाग के ठेकों में शामिल हो रहे है और इससे पूरी ठेका प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

जलसंसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता शिशिर कुशवाहा ने प्रदेश के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी किए है कि वे प्रक्रिया का पूरा पालन करे और काली सूची में डाले गए ऐसे ठेकेदारों की जानकारी उच्च स्तर पर विभाग को दें ताकि अगली ठेका प्रक्रियाओं में ऐसे ठेकेदारों के शामिल होने से प्रक्रिया बाधित नहीं हो सके। विभाग ने इस संबंध में पहले से निर्देश जारी कर रखे है। ऐसे ठेकेदार जो निविदा स्वीकृत होने के बाद अनुबंध नहीं करते है और काम करना शुरु नहीं करते है। साथ ही ऐसे ठेकेदार जो निविदा फाइनल होंने के बाद निविदा तो कर लेते है लेकिन काम शुरु नहीं करते है। वहीं ऐसे ठेकेदार निविदा फाइनल होने के बाद अनुबंध भी कर लेते है और कार्य प्रारंभ कर देते है लेकिन बीच में बंद कर देते है या उनकी काम करने की गति काफी धीमी है। वहीं कार्य संतोषजनक गति से चल रहा हो लेकिन ठेकेदार अथवा विभाग के नियंत्रण से बाहर की स्थिति उत्पन्न हो गई हो या भूमि के अर्जन की समस्या उत्पन्न हो गई हो।

अनुबंध के अनेक वर्षो पूर्व होंने , कार्य अपूर्ण रहने या अनुबंध की मुख्य मात्रायें पूरी हो गई हो और ठेकेदार फाइनल करना चाहता हो या बचे कार्य की निविदा विभाग आमंत्रित करना चाहता हो तो ऐसे मामलों में प्रमुख अभियंता कार्यालय को जानकारी देना होगा।

निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ठेकेदार द्वारा अनुबंध नहीं किए जाने पर कार्यपालन यंत्री द्वारा उसकी अमानत राशि राजसात करने हेतु निविदा प्रकोष्ठ को लिखा जाता है। इसके बाद अमानत राशि राजसात कर संबंधित कार्यपालन यंत्री ठेकेदार को काली सूची में डालने और निलंबन की कार्यवाही करने के लिए प्रमुख अभियंता निर्देशित करते है। लेकिन देखने में यह आ रहा है कि कार्यपालन यंत्री यह जानकारी समय पर भेज नहीं रहे है जिसके चलते काली सूची में डाले गए ठेकेदार दुबारा निविदाओं में भाग लेकर ठेके हासिल कर लेते है। बाद में काली सूची की जानकारी आने पर उन्हें बाहर करना पड़ता है और निविदा कार्य प्रभावित होता है। इसलिए इसको लेकर सख्ती से निर्देश दिए गए है कि कार्यपालन यंत्री काली सूची में डाले जाने वाले ठेकेदारों और काम नहीं करने वाले ठेकेदारों की जानकारी समय पर प्रमुख अभियंता को उपलब्ध कराए ताकि आगे उन्हें निविदाओं से बाहर रखा जा सके।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने रीवा में शिक्षकों के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया



रीवा, एजेंसी। प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के विभाग ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया ने रीवा में शिक्षकों के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ 2023) पर एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्राइमरी और फाउंडेशनल स्टेज पर शिक्षण में अभिनव तकनीकों पर केन्द्रित था; इस कार्यक्रम में सतना और रीवा के 75 से अधिक प्राथमिक स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया। फाउंडेशनल स्टेज यानी मूलभूत चरण में एनसीएफ पर फोकस करते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रायोगिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अध्यापन संबंधी दृष्टिकोण के साथ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तथा पाठ्यक्रम विकसित करने में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस अग्रणी रही है, और 111 वर्षो से भारत में इसकी उपस्थिति रही है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने स्कूल शिक्षकों और अभिभावकों को सहयोग दिया है ताकि समग्रतापूर्ण शिक्षण, अर्थपूर्ण सामग्री और शिक्षण संसाधनों को गतिविधि-आधारित श्रृंखला 'माय लर्निंग ट्रेन (मेरी रेल गाड़ी)' के साथ बुनियादी कक्षाओं में ले जाया जा सके। यह श्रृंखला एनईपी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क ` मुताबिक है और इसका लक्ष्य है शिक्षकों को सशक्त करना कि वे हर कक्षा को एक जीवंत शिक्षण केन्द्र में परिवर्तित कर सकें। लेखिका सोनिया रेलिया द्वारा डिजाइन की गई श्रृंखला 'माय लर्निंग ट्रेन' में अनेक गतिविधियां, रिसोर्स बुक, कहानियां, कविताएं, लोक साधन, संगीत, कला, खेल तथा और भी बहुत कुछ शामिल हैं। इसे इस प्रकार डिजाइन किया गया है विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षण शैलियों में बच्चों के कौशल में वृद्धि हो। कार्यशाला का संचालन लेखिका सोनिया रेलिया द्वारा किया गया। कार्यशाला का इरादा था कि शिक्षकों की जरूरतों को पूरा किया जाए ताकि वे नन्हे विद्यार्थियों के लिए दिलचस्प गतिविधियों का उपयोग कर पाएं और इसमें मजेदार गतिविधियां भी शामिल होती हैं जिनसे बच्चों के संज्ञानात्मक एवं साइकोमोटर विकास को बढ़ावा मिले। सोनिया रेलिया कीनोलर्न और कीनोफोनिक्स जैसी पद्धतियां भी प्रस्तुत करती हैं जिनके लिए आसानी से उपलब्ध चीजों जैसे पोस्टर, फ्लैशकार्ड, बोर्ड गेम व स्टोरी रीडिंग कार्ड का इस्तेमाल किया जाता है।

## समीरा एग्रो एंड इंफ्रा लिमिटेड का आईपीओ 21 को खुलेगा




नईदिल्ली, एजेंसी। समीरा एग्रो एंड इंफ्रा लिमिटेड, जो इनोवेशन और ग्रोथ का पर्याय है, इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के माध्यम से अपनी ऐतिहासिक यात्रा में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए तैयार है। पब्लिक मार्केट में कंपनी का आना न केवल एक फाइनेंशियल माइलस्टोन है, बल्कि इसके लचीलेपन, डाइवर्सफाइड बिज़नेस एप्रोच और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। 21 दिसंबर से 27 दिसंबर, 2023 तक शेड्यूल, समीरा एग्रो का आईपीओ 180 रुपये प्रति शेयर का एक फिक्स्ड प्राइस इश्यू है, जिसका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है। विभिन्न स्तरों के इन्वेस्टर्स के लिए लॉट का आकार 800 शेयर्स पर तय किया गया है। कुल इश्यू का आकार 3,480,000 शेयर है, जो कुल मिलाकर 62.64 करोड़ रुपये है। आईपीओ एनएसई एसएमई पर सूचीबद्ध होगा, जो कंपनी के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। समीरा एग्रो एंड इंफ्रा लिमिटेड रियल एस्टेट डेवलपमेंट और एग्रीकल्चर के इंटरसेक्शन पर काम करती है, जो अपने इनवेस्टर्स को एक यूनिक वैल्यू प्रस्ताव पेश करती है। इन दो अलग लेकिन सिनर्जिस्टिक (सहक्रियात्मक) बिज़नेस डोमेन में कंपनी का स्ट्रेटिजिक डाइवर्सफकैशन इसे बाजार में खास अवस्था में रखता है। समीरा एग्रो ने रेजिडेंशियल,कमर्शियल और मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट्स तक फैले एक मज़बूत पोर्टफोलियो के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में अपने लिए एक जगह बनाई है। कंपनी की यात्रा छोटे और मध्यम आय समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेजिडेंशियल लेआउट्स और प्लॉट्स के विकास के साथ शुरू हुई। इन वर्षो में, इसने श्री कोमारवेली मल्लन्ना सागर जलाशय और हैदराबाद और तेलंगाना में विभिन्न मॉडल मार्केट्स जैसे प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कंपनी का दायरा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट तक फैला हुआ है, जिसमें जलाशयों के लिए मिट्टी की खुदाई, सड़क निर्माण और नहर लाइनिंग सहित चैलेंजिंग प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## कारपोरेट आफिस सेक्टर के क्षेत्र में रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस को भारत के ऊर्जा मंत्रालय के ब्यूरो आफ एनर्जी एफीशिएंसी की ओर से नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन अवार्ड (एनईसीए) 2023 दिया गया है। कंपनी को यह प्रतिष्ठित अवार्ड उसके द्वारा किए जा रहे पर्यावरण फ्रेंडली कार्यप्रणाली और सतत बिजनेस ग्रोथ में योगदान देने के लिए प्रदान किया गया है।कंपनी के ईडी और सीईओ श्री आशीष वोहरा को यह अवार्ड केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं रेन्यूएबल ऊर्जा मंत्री श्री आर.के.सिंह के हाथों प्रदान किया गया। यह अवार्ड कंपनी द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाली तकनीकि का इस्तेमाल करते हुए संसाधनों के उपयोग और ऊर्जा क्षमता के कारण दिया गया है। कंपनी अपनी विस्तृत कार्यक्षमता के कारण इन लाभों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने और उस प्रभावशाली कार्यक्षमता को ग्राहकों को अपने नवीन लाइन के उत्पादों के माध्यम तक पहुंचाने में सफल रही है। इस अवार्ड को प्राप्त करने के बाद रिलायंस निप्पान लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ श्री आशीष वोहरा ने कहा, हमारी ऊर्जा को संरक्षित करने की यात्रा चार वर्षों पूर्व एक तरह से लागत कम करने की दिशा में उठाए गए कदमों को लेकर शुरू हुई थी। एक तरफ ऊर्जा क्षमता वाले पूंजीगत चुनाव और मोशन सेंसर जैसी कई चीजें लागू करना बुनियादी जरूरतें थीं लेकिन धीरे-धीरे हमारी प्रशासनिक टीम ने अपनी कार्बन फूटप्रिंटट को घटाने की दिशा में तेजी से काम किया और ज्यादा से ज्यादा टीमों ने मिलकर आईओटी आधारित रिमोट कंट्रोल यंत्रों का उपयोग शाखाओं में करना शुरू किया जिससे नए समाधानों की खोजें तेज हुई।

## सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड का आईपीओ 21 दिसंबर, 2023 को खुला

मुंबई, एजेंसी। बिजली और वितरण ट्रांसफार्मर विनिर्माण उद्योग में कार्यरत एक अग्रगण्य कंपनी सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड (एसपीईएल) ने 21 दिसंबर, 2023 को अपना आई पी ओ सार्वजनिक पेशकश करने की अपनी योजना की घोषित की है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से ऊपरी बैंड मूल्य पर 46.67 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिसमें शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने के लिए तैयार हैं।

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के लिए किया जाएगा। एंकर भाग के लिए बोली 20 दिसंबर, 2023 को खुलेगी और निर्गम 26 नवंबर, 2023 को बंद होगा।इस मुद्दे के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर मे. नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है। इस मुद्दे का रजिस्ट्रार पूर्वा शेयररजिस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड है।इस अवसर पर सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री. वी राजमोहन ने कहा, यह आईपीओ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और हम भविष्य में आने वाले अवसरों और विकास के बारे में उत्साहित हैं। उद्योग में पिछलें 29 से अधिक वर्षों के कालावधी में, हमने गर्व से खुद को तमिलनाडु में बिजली और वितरण ट्रांसफार्मर के अग्रणी निर्माताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। यह आगामी कदम हमारे दृढ परिश्रम और विश्वसनीयता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।इस आइ पीओ से प्राप्त हुई पूंजीस्वरूप शुद्ध आय को हमारी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के प्रबंधन के लिए निर्देशित किया जाएगा। हम ट्रांसफार्मर उद्योग में निरंतर सफलता की उम्मीद करते हैं ।

नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक श्री. विपिन अग्रवाल ने कहा, हम सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड के साथ इस महत्त्वपूर्ण यात्रा का हिस्सा बनकर खुश हैं। बिजली और वितरण ट्रांसफार्मर विनिर्माण उद्योग में एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी के रूप में, सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड अपनी विशेषता और बेजोड़ विशेषज्ञता का प्रदर्शन करता है। गुणवत्ता और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें क्षेत्र में एक नेता के रूप में रखती है। जैसा कि हम इस सहयोगी यात्रा की शुरुआत करते हैं, हम उनकी सफलता में योगदान देनें और उनके व्यवसाय के विकास का समर्थन करनें के लिए तत्पर हैं।

## राज्य शासन ने कलेक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए जारी किए दिशा निर्देश

भोपाल- राज्य शासन ने प्रदेश में कोविड-19 के वर्तमान परिदृश्य New Varient JN.v के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश राज्य के अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर, सभी डीन मेडिकल कॉलेज,समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और समस्त सिविल सर्जन को भेजे गए हैं।

इन निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश में रणनीति के तहत टेस्ट, ट्रैक और ट्रीटमेंट का पालन करते हुए व्यापक रूप से योजनाबद्ध तरीके से पूर्व की भांति सर्विलांस गतिविधि संपादित कर संभावित रोगियों की शीघ्र पहचान कर तथा त्वरित उपचार की प्रक्रिया का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

कोविड-19 के वर्तमान प्रदेश में संक्रमण के रोकथाम और नियंत्रण के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्टेड बिस्तर, आईसीयू बिस्तर, वेंटीलेटर और अन्य लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।पूर्व में जारी ऑपरेशनल गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन किया जाए।



## वी ने अपने सब्सक्राइबरों को विश्वस्तरीय कैजुअल गेम्स का अनुभव प्रदान करने के लिए गेमलोफ्ट के साथ की सामरिक साझेदारी




मुंबई, एजेंसी।जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने यूज़र्स को वी गेम्स एवं वी ऐप के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों जैसे एक्शन, एडवेंचर, स्पोर्ट्स, रेसिंग आदि में हाइपर कैजुअल गेम्स की व्यापक रेंज का अनुभव प्रदान करने के लिए विश्वविख्यात मोबाइल वीडियो गेम डेवलपर गेमलोफ्ट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत वी के उपभोक्ता बिना किसी अतिरिक्त लागत के गेमलोफ्ट ओरिजिनल्स एवं अन्य लोकप्रिय गेम टाइटल्स जैसे डेंजर डैश, ब्लॉक ब्रेकर लिमिटेड, लुडी बबल्स, एल्फाल्ट रेट्रो आदि का अनुभव पा सकेंगे। वी के उपभोक्ता वी ऐप पर वी गेम्स सेक्शन में इस गेमिंग बोनांज़ा का एक्सेस पा सकते हैं। वी गेम्स पर गेमलोफ्ट के विकल्प इस्तेमाल में बेहद आसान हैं। ये आधुनिक एंटी-फ्रॉड डिटेक्शन और सिक्योरिटी समाधानों के साथ आते हैं। गेमलोफ्ट के साथ वी की साझेदारी कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ गेमिंग के विकल्प लाने और मोबाइल गेमर्स को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह साझेदारी वी के उपभोक्ताओं को गेमिंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उपभोक्ताओं के लिए यह पेशकश बिना किसी लागत के उपलब्ध है। वी ने आने वाले समय में गेमलोफ्ट की टूर्नामेन्ट उन्मुख सर्विस-एरिना को भी सब्सक्रिप्शन के आधार पर लॉन्च करने की योजना बनाई है।

## प्रमा ने आईएफएसईसी में नवीनतम वीडियो सुरक्षा उत्पादों और समाधानों के साथ नई रंगीनव्यू कैमरा श्रृंखला पेश की



मुंबई, एजेंसी। प्रमा इंडिया ने इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस (आईएफएसईसी) 2023 में विशेष वीडियो सुरक्षा उत्पादों के साथ-साथ स्वदेशी रूप से निर्मित रंगीनव्यू कैमरा श्रृंखला की अपनी नवीनतम श्रृंखला का अनावरण किया। प्रामा बूथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), और आईओटी सुरक्षा प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित किया गया।

इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस (आईएफएसईसी) में प्रमा ने स्वदेशी रूप से निर्मित उत्पादों और नवीन समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इनमें प्रमा उत्पादों और समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। नई लॉन्च की गई प्रमा रंगीनव्यू श्रृंखला प्रदर्शन पर थी।

भारत के अग्रणी स्वदेशी वीडियो सुरक्षा ब्रांड, प्रमा को इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस में स्वदेशी रूप से निर्मित वीडियो सुरक्षा उत्पादों और विशेष वर्टिकल समाधानों की विस्तृत श्रृंखला के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।प्रमाबूथ पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिक्योरिटी टेक्नोलॉजीज और एप्लिकेशन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त नवीनतम उत्पाद प्रदर्शित किए गए। इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस मेंप्रमा बूथ ने स्वदेशी रूप से निर्मित उत्पादों और नवीन समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

प्रमाके प्रबंधन प्रतिनिधि ने कहा, प्रमा ने इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंसमें नवीनतम उत्पाद और समाधान प्रदर्शित किए। अलंकृत रूप से डिजाइन किए गए विशाल प्रमाबूथ में इंटेलिजेंट बैंकिंग सॉल्यूशन, इंटेलिजेंट बिल्डिंग सॉल्यूशन, स्मार्ट सिटी सॉल्यूशन, मोबाइल एनफोर्समेंट सॉल्यूशन, इंटेलिजेंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन, इंटेलिजेंट एजुकेशन सॉल्यूशन, इंटेलिजेंट हेल्थकेयर सॉल्यूशन, रिटेल सॉल्यूशन और बीआई, बैंक, होटल सहित असंख्य उत्पाद और वर्टिकल सॉल्यूशन प्रदर्शित किए गए। शिक्षा संस्थान, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं, वाहन निगरानी और इंटेलिजेंट धार्मिक स्थान समाधान।इसमें एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सॉल्यूशन, प्रमा वीएमएस और इंटरएक्टिव डिस्प्ले पैनल (आईडीपी) प्रदर्शित किया गया।

उन्होंने आगे कहा, प्रमा एक भारतीय सुरक्षा ब्रांड की सफलता की गाथा है।

## डिजिटल कॉमर्स की क्षमता का लाभ उठाने में छोटे व्यवसायों को मदद करने के लिए ओएनडीसी और मेटा ने साझेदारी की घोषणा की

### यह साझेदारी मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के माध्यम से 5 लाख छोटे और मध्यम व्यवसायों (एमएसएमई) को डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान करेगी



मुंबई, एजेंसी। ओएनडीसी और मेटा ने छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी से छोटे व्यवसायों को व्हाट्सएप पर खरीदारी और बिक्री करने में मदद करेगी। मेटा अपने व्यापार और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के इकोसिस्टिम के माध्यम से छोटे व्यवसायों को प्रशिक्षित और सक्षम करेगा। ओएनडीसी इन व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं को सेलर एप्स बनने में मदद करेगा, ताकि वे अपने ग्राहकों को ओएनडीसी नेटवर्क पर ला सकें। इस साझेदारी की शुरुआत में अगले दो वर्षों में मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के माध्यम से पांच लाख एमएसएमई को डिजिटली प्रशिक्षित और सशक्त बनाएगा। देश भर में 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के मुताबिक मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी उद्यमियों और मार्केटर्स को मेटा एप्स पर आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में सक्षम बनाते हुए सर्टिफिकेशन की सुविधा प्रदान करता है। ओएनडीसी के एमडी और सीईओ टी कोशी ने कहा, ओएनडीसी में, हम डिजिटल परिदृश्य को और अधिक तेज गति देने और लोकतांत्रिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में हमारा लक्ष्य एमएसएमई को सशक्त बनाना, उन्हें डिजिटल विजिबलिटी मुहैया कराते हुए उनके व्यवसायों को बढ़ावा देना है। आज, किसी भी व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए, खुद की मार्केटिंग करना और बड़े संख्या में लोगों तक पहुंचना महत्वपूर्ण है। मेटा के साथ हमारी साझेदारी न केवल इन व्यवसायों को डिजिटल रूप से उन्नत करेगी बल्कि उन्हें दूर-दूर तक ग्राहक आधार से जुड़ने में भी सक्षम बनाएगी। हमें विश्वास है कि हमारी साझेदारी की कोशिशें लाखों छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ने में मदद करेंगी। भारत में मेटा की वाइस प्रेसिडेंट संध्या देवनाथन ने कहा, भारत की डिजिटल परिवर्तन की कहानी क्रांतिकारी गति से सामने आ रही है, और इस विकास को जारी रखने के लिए, हमें सही इकोसिस्टम और साझेदारी की जरूरत है जो लाखों छोटे व्यवसायों को अपनी डिजिटल मौजूदगी का निर्माण करने व उसे और अधिक मजबूत करने में मदद करे। मेटा, पूरे भारत में एसएमई के लिए डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और उद्योग के साथ साझेदारी करने में हमेशा आगे रहा है। ओएनडीसी के साथ हमारी साझेदारी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के लिए सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने और छोटे व्यवसायों को कौशल मुहैया कराने व देश में तेजी से डिजिटल परिवर्तन और विकास की कहानी में सहायता करने के लिए मेटा की जारी प्रतिबद्धता के मुताबिक है।

इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, मेटा ओएनडीसी के व्हाट्सएप चैटबॉट सहायक का समर्थन करेगा। इस साझेदारी के तहत विक्रेता और ग्राहक संवाद के एकल बिंदु के रूप में ओएनडीसी के बॉट पर दी जाने वाली सेवाओं को बढ़ाने में मदद दी जाएगी। इस साल की शुरुआत में, मेटा ने व्हाट्सएप बिजनेस एप पर 29 राज्यों के 10 मिलियन व्यापारियों को 11 भारतीय भाषाओं में स्किल मुहैया कराने के लिए व्हाट्सएप से व्यापार कार्यक्रम शुरू किया था। आज दुनिया भर में व्हाट्सएप बिजनेस ऐप के 200 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं और भारत में व्हाट्सएप पर 60त्न से ज्यादा लोग बिजनेस अकाउंट से मैसेज करते हैं।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराइट उल्लंघन मामले में पीपीएल इंडिया के लिए महत्वपूर्ण जीत का फैसला सुनाया

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिसमस के जश्न एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या पर फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियन्त्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकतीं।

सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने पावरहाउस के रूप में पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युज़िक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी-सीरीज़, सारेगामा, सोनी म्युज़िक, युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़िक, टाइम्स म्युज़िक, स्पीड रिकॉर्ड्स आदि के गीत शामिल हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में सुनाया गया फैसला पीपीएल इंडिया के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में काम करता है, यह भारत के कई जाने-माने संगठनां जैसे वन 8 कम्यून (विराट कोहली के स्वामित्व में), टिम होर्टन्स, एप्ट्रोनिक्स, युनिकॉर्न, गोला सिज़लर, स्टर8अप हॉस्पिटेलिटी (ब्राण्ड जैसे ड्यूटी फ्री, सैस्सी ऑस्कर, टू इंडियन आदि) द्वारा कॉपीराईट साउण्ड रिकॉर्डिंग के अनधिकृत इस्तेमाल के मुद्दे को हल करता है। पिछले सालों के दौरान भारत की कई अदालतों ने इस तरह के उल्लंघन के खिलाफ़ फैसले जारी कर पीपीएल को समर्थन दिया है।

ऐसे ही एक लीगल विकास के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीजे एसोसिएशन चंडीगढ़ जैसे संगठनों द्वारा शुरू किए गए गुमराह करने वाले कैंपेन्स का संज्ञान गंभीरता से लिया। ये कैंपेन संगीत बजाने के लिए पीपीएल से लाइसेंस लेने के मामले में भ्रमित करते हैं। अदालत ने व्यापक संगीत प्रदर्शनों की सूची के वैद्य उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के पीपीएल के अधिकार की पुष्टि करते हुए ऐसे संगठनों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगा दिया है।

कंपनी से संपर्क करने पर पीपीएल इंडिया ने कॉपीराईट धारकों के अधिकारों को बनाए रखने तथा निर्माताओं के लिए पारदर्शी मुआवज़ा सुनिश्चित करने के समर्थन हेतु दिल्ली उच्च न्यायाल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह ऐतिहासिक फैसला संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान के महत्व की पुष्टि करता है।

# खुले में मांस, मछलियों के विक्रय पर कटेगा चालान

## निगम आयुक्त ने दिए निर्देश, शीतलहर लगातार अलाव की व्यवस्था करें




**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा बुधवार को निगम सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध की जाने वाली तैयारियो की समीक्षा की एवं यात्रा के संबंध में विस्तृत आदेश जारी करने के निर्देश दिए इसके साथ ही आयुक्त ने विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के लाभ देने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार आयुक्त ने शहर में खुले में पशु मांस एवं मछलियों के विक्रय पर कार्यवाही की समीक्षा की एवं निर्देशों को अवहेलना पर चालान करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने बैठक में सभी भवन निरीक्षकों को भवन अनुज्ञा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए एवं प्रशमन योग्य भवनों के प्रशमन प्रकरण तैयार करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने अनुज्ञा के विपरीत बने भवनों पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। बैठक में शहर के व्यवसायिक भवनों में फायर सेफ्टी के जांच कर अनियमितता पाए जाने पर भवन स्वामी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही निगम के लिजधारियो के रिकॉर्ड की जांच कर लिजधारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त राहुल सिंह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, संजीवनी क्लिनिक एवं अमृत योजना की प्रगति की समीक्षा की। पीएम स्वनिधि योजना के 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ देने के निर्देश दिए। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त ने मुख्य स्थानों एवं आश्रय स्थलों में लगातार अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही आयुक्त ने जनसुनवाई, कलेक्टर टीएल, सीएम हेल्पलाइन, उत्तरा पोर्टल, महापौर हेल्पलाइन सहित निगम टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित सभी शाखा प्रमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खुले में पशु मांस और मछली विक्रय पर, लगातार जारी है कार्रवाई

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा कलेक्टर मनोज पुष्प के आदेश पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान सोमवार को कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा शहर के मटन मार्केट क्षेत्र में खुले में पशु मांस एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में बुधवार को खुले में पशु मांस एवं मछली बेचने पर एक दुकानदार पर 2000 रुपए का चालान किया गया। इस दौरान राजस्व अधिकारी साजिद खान स्वच्छता निरीक्षक अरुण गढ़ेवाल एवं निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीसीए क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरुआत कल से

**छिंदवाड़ा।** जिला क्रिकेट संघ के सदस्य असलम खान ने बताया कि कल दिनांक 21 दिसंबर दिन गुरुवार से डीसीए क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरुआत होने जा रही है इस प्रतियोगिता में जिला क्रिकेट संघ से रजिस्टर्ड 54 क्रिकेट क्लब हिस्सा लेंगे शुभारंभ मैच सुबह ठीक 8.30 बजे से फ्रेंड्स पटेल क्रिकेट क्लब छिंदवाड़ा व सतपुड़ा सिंघम क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा वही कल का दूसरा मैच 12 बजे से सतपुड़ा टाइगर्स क्लब छिंदवाड़ा व अल्टीमेट परतला के मध्य खेला जाएगा मुख्य अतिथि- प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जेपी सिंह व जिला क्रिकेट संघ के सचिव आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे

## छिन्दवाड़ा के आनंद ने नोएडा में लहराया परचम

**छिंदवाड़ा/अमरवाड़ा।** ग्रामीण अंचल क्षेत्र से आने वाले एक युवा ने जिले सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में आनंद राजपूत ने बेहतरीन अर्ध शतकीय पारी खेलते हुए शानदार खेल दिखाया है,इसके साथ ही बुधवार को हुए मैच में मैन ऑफ द मैच का भी खिताब जीता है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले आनंद राजपूत ने पूरे छिंदवाड़ा ज़िला और मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया हैं। आनंद राजपूत अमरवाड़ा तहसील के समीपस्थ गांव पौनार से आते हैं। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आनंद ने सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया है। गुजरात से होने वाले मैच में अब सबकी निगाहे आनंद पर रहने वाली है। आनंद बतौर विकेट कीपर बल्लेबाज़ है और मध्यप्रदेश कि टीम को लीड कर रहे हैं। आनंद राजपूत एक साधारण परिवार से आते हैं। इनके पिताजी स्वर्गीय विक्रम राजपूत का 3 वर्ष पहले देहांत हो चुका है,वहीं माताजी मंजू राजपूत ग्रहणी है। छोटा भाई कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है वहीं आनंद पौनार गांव के वर्तमान सरपंच देवेंद्र बाबू राजपूत का भतीजा है। आनंद ने अपनी स्वयं की मेहनत से यह बड़ी सफलता हासिल की है। आज उनके इस काम से पूरे क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन हुआ है।



## गुमगॉव में श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन की तैयारी शुरू

छिन्दवाड़ा। चांद के समीप ग्राम गुमगांव में विगत 37 वर्षो से लगातार श्री राम चरित्र मानस सम्मेलन का विशाल आयोजन होते आ रहा है उसी श्रृंखला का 38 वॉआयोजन दिनांक 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक होने जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक पंडित सीतारामशरण रामायणी ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक संत विद्वानों का आगमन हो रहा है जिसमें पं. अखिलेशमणी जी देवरिया ,कृष्ण गोपाल जी शिवपुरी , पं. आदित्य त्रिपाठी सतना ,लीला भारती जी दतिया ,पंकज रामायणी पटना का आगमन हो रहा है।

## जन सहयोग से स्कूली छात्रों को स्वेटर वितरण की



**छिंदवाड़ा।** समाजसेवी दयानंद चैरसिया द्वारा जन सहयोग से आज ग्रामीएण आदिवासी अंचल के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ में अध्ययनरत छात्रावास के आदिवासी छात्रों को ठण्ड से बचाव हेतु स्वेटर का वितरण किया । इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिका रेणुका गडकरी, वैभव अलोनी, कविता सहारे, श्री इवनाती, प्रकाश वर्मा, मनीष गडकरी, कन्हैया साहू, प्रियंका दोड़के, सरस्वती खरपूसे, धनुष माटे, गंगाधर बट्टी उपस्थित थे । श्री चैरसिया ने बताया कि उनके इस कार्य में सहयोग करने वाले योगेश पटेल, विजय ताम्रकार, गोलू बोहरा, सुमेर सिंह नैयर, मोनू पाल, राहुल गुप्ता प्रमुख हैं, जिनके जन सहयोग से आदिवासी बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया ।

## 153 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण



**अमरवाड़ा।** नगर की रोजगारोन्मुखी संस्था कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान सेडी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा एशियन आई केयर हॉस्पिटल छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एशियन आई केयर हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञों डॉ प्रशांत सिंह राजपूत डॉ अश्विनी मसारकार अमर बघेल के द्वारा आंखों की जांच की गई जिसमें 153 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया एवं विशेषज्ञों द्वारा समस्त शिवरार्थियों को आंखों के उपचार के लिए संतुलित आहार जैसे की हरी सब्जियां फल के सेवन एवं आंखों के संक्रमण से बचने के उपाय बताए गए इस अवसर पर संस्था के अकाउंट ऑफिसर अशोक साहू ब्राइट कैरियर स्कूल के प्राचार्य संकेत जैन संचालक स्वप्नेश जैन प्रोजेक्ट ऑफिसर राजकमल जैन ट्रेनर सचिन यादव हिंसुराम धुर्वे सुरेश यादव सहित सैकड़ो प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## मोबाइल वाणी पर मिस कॉल करके मंडी भाव जानें

छिंदवाड़ा - मोबाइल वाणी पर अब आप एक मिस कॉल कर सुन सकते हैं अनाज मंडी भाव । मंडी भाव सुनने के हर जिले के मोबाइल वाणी का नंबर अलग-अलग हैं यदी आप छिंदवाड़ा जिले के छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा कृषि उपज मंडी के अनाज मंडी भाव जगाना चाहते हो तो छिंदवाड़ा मोबाइल पर 09266617444 नंबर पर मिस कॉल करे आपको दुसरे नंबर से कॉल आयेगा और आप मंडी भाव के साथ साथ खेती किसानी, गांव आजीविका और हम, गुर्वेजी की डायरी, रफी की डायरी, राजिव की डायरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी ख़बरें सुन सकते हैं। इस संबंध में ग्राम वाणी के मैनेजर दिनकर पातुरकर ने बताया की यह सुविधा मोबाइल वाणी के निशुल्क नंबर का उपयोग कर आप ले सकते हैं । इस नंबर के माध्यम से आप अपनी समस्या, राय या प्रतिक्रिया भी 3 नंबर की बटन दबाकर रिकार्ड कर सकते हैं । श्री पातुरकर ने आगे बताया की यह सुविधा बैतूल जिले के लिए बैतूल कृषि उपज मंडी के अनाज मंडी भाव बैतूल मोबाइल वाणी 9990931984 सिवनी जिले के लिए सिवनी मोबाइल वाणी 7289837222 के निशुल्क नंबर पर मिस कॉल कर सुन सकते हैं ।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल का 24 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम



**छिंदवाड़ा।** ज्ञानगंगा पब्लिक स्कूल का 24वा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया गया। जिसमें डांस ,ड्रामा,फैंसी ड्रेस, नृत्य नाटिका, संगीत,तबला बादन व बालमेले का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष धन्यकुमार जैन, सचिव संजीव जैन, संस्था के सदस्य रिया जैन, त्रिशाला जैन, प्रिया जैन प्राचार्य जयेश डबली, व पालकगण, शिक्षक शिक्षिकाएं, उपस्थित थे।

## शन्त शिरोमणि गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई



**परासिया।** रजक समाज के शन्त एवं स्वछता अभियान के जनक शन्त शिरोमणि गाडगे महाराज की 67 वी पुण्यतिथि बंटी मालवी के निवास पर मनाई गई । जिसमें रजक समाज के जिला अध्यक्ष बसन्त मालवी ने गाडगे महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला । एवं रजक समाज के सभी लोगो को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । उपस्थित सदस्यों ने गाडगे महाराज की पूजा की । और पुष्पांजलि अर्पित की । पूजन हवन आरती की गई । महाप्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में सर्व बसन्त मालवी, रमेश बाथरी भगवान दास मालवी गणेश मालवी सुखराम मालवी ज्ञान चंद मालवी रामदास मालवी अशोक मालवी कैलाश मालवी ध्यान सिंग मालवी राजेश मालवी गोपी मालवी दिनेश मालवी कैलाश नारायण गुप्ता अशोक डेहरिया सैफ खान श्रीमती दुलारी मालवी श्रीमती संध्या मालवी श्रीमती ललिता मालवी रौशनी मालवी उर्मिला रजक कविता मालवी रीता मालवी प्रतिभा सोनी सुनीता यादव नूरजहाँ खान एवं समाज के नागरिक बन्धु उपस्थित थे ।

## पांच सड़क दुर्घटना में 10 घायल

**परासिया।** कोयलांचल क्षेत्र में हुई पांच सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग घायल हो गए जिसमें एक युवक की हालत गंभीर है घायलों में दो बच्चे भी शामिल है जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे चांदामेटा के मंगली बाजार में दो बाइक टकरा गई जिसमें न्यूटन निवासी युवक दिव्यांश ठाकुर एवं चांदामेटा उमरिया लाइन के एक युवक अभिषेक साहू घायल हुए सिर में गंभीर चोट होने के कारण अभिषेक साहू को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी हालत गंभीर है। घायल दोनों युवक छात्र है। अभिषेक का कल गुरुवार को जन्मदिन होने के कारण वह होंडा गाड़ी से कपड़े लेने के लिए परासिया जा रहा था जबकि न्यूटन से दिव्यांश अपनी स्पोर्ट बाइक से ट्यूशन पढ़ने के लिए मंगली बाजार आया था। इसी तरह न्यूटन में रहने वाले शिक्षक गणेश गोस्वामी दोपहर को पगारा से लौट रहे थे। सामने आ रही ट्रैक्टर ट्राली से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली पलट गई हादसे में शिक्षक सहित चार लोग घायल हो गए वहीं गुल्लर खापा गांव में बोलेरो की ट्क्कर से डेढ़ वर्षीय बालिका सोनी का और 3 वर्षीय बालक सार्थक को चोटे लगी दोनों बच्चे घर के सामने खेल रहे थे। तभी यह हादसा हुआ इसके अलावा उमरेठ में बाइक स्लिप हो जाने पर युवक घायल हो गए साथ ही मधान बांध के पास में मोटरसाइकिल के नीचे गिर जाने पर युवक को चोटे लगी।

## गगन गोहेल हो सकते है पांढुर्ना जिले के प्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष



**सौंसर।** अभी हाल ही में मध्यप्रदेश में नए पांढुर्ना जिले ने आकार लिया है। पांढुर्ना जिले का भौगोलिक स्वरूप देखा जाए तो यह सौंसर तहसील,पांढुर्ना तहसील और नान्दनवाड़ी तहसील को मिलाकर नया जिला बना है। ऐसे में भाजपा को इस नए जिले में एक ज़िलाध्यक्ष की आवश्यकता संगठन विस्तार हेतु पड़ेगी। ज़िलाध्यक्ष की रेस में सबसे आगे सौंसर क्षेत्र से आने वाले रामाकोना के भाजपाई नेता गगन गोहेल का नाम इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है। गगन गोहेल का नाम प्रमुखता से पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा इसलिए उठाया जा रहा है, क्योंकि उनकी पकड़ पार्टी के संगठन के पदाधिकारियों से लेकर आम कार्यकर्ताओ तक है। साथ ही उनकी पत्नी छिंदवाड़ा-पांढुर्ना ज़िले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना की वर्तमान में सरपंच भी है। अभी हाल ही में संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में उनकी पत्नी ने ऐतिहासिक मतों से विजयी प्राप्त की थी। इसके अलावा गगन गोहेल ने कोविड महामारी में रामाकोना में कोविड से ग्रसित मरीजो की जो संभव हो सके हर प्रकार की मदत की थी इसी का परिणाम है कि उनकी पत्नी को ग्राम रामाकोना के मतदाताओं ने सरपंच पद से सुशोभित किया। इसके अलावा गगन गोहेल सन 2010-15 में रामाकोना से जनपद सदस्य भी रह चुके है। जब उनसे हमारे प्रतिनिधि ने संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि मैं न किसी पद का लालसी हूँ न रहूँगा। मैं आम लोगो के बीच रहने वाला एक साधारण व्यक्ति हूँ एवं जनता की सेवा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है।

## जय भीम सामाजिक संगठन ने बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी को लेकर सौंपा ज्ञापन



छिंदवाड़ा। जय भीम सामाजिक संगठन छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष शिवम पहाड़े के नेतृत्व में आज जिले के बेरोजगार युवाओं ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि जिले पीड़ित बेरोजगार युवकों का आरोप है उनसे सत्यकाम फाउण्डेशन ट्रस्ट का कार्यालय अमरवाड़ा में संचालित है, के द्वारा रोजगार देने के नाम पर ट्रस्ट के प्रबंधक नीलेश कहार द्वारा बेरोजगार युवकों से लाखों रूपयों की ठगी की है, जिनमें सुजीत अहरवार 75 हजार रूपये, अमजद खान 50 हजार रूपये, मिथुन अहरवार 50 हजार रूपये, महेन्द्र यादव 25 हजार रूपये, मोहित भॉववकर 32 के अलावा अन्य 15-20 युवकों से इसी तरह से नौकरी देने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी की गई है । पुलिस अधीक्षक ने संबंधित संस्था के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है । जय भीम सेना सामाजिक संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की संबंधित ट्रस्ट के प्रबंधक एवं संचालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाकर इन बेरोजगारों युवकों की राशि वापस दिलवायी जावे एवं ट्रस्ट का पंजीयन निरस्त करवाया जावे ताकि भविष्य में बेरोजगार युवको के इस साथ इस प्रकार की ठगी की घटनायें न हो । इस अवसर पर शिवम पहाड़े, मोरू पटेल, राजकुमार खडसे, पप्पू मण्डराह, मदन बरखाने, किशोर बंशकार, अरविंद मोहबे, पारस बंशकार, दिनेश इवनाती, सागर परतेती, धीरज परसोवे, किशोर पवार, गोलू रोड़े, सुरेन्द्र पाल, सुरेश धुर्वे, मनीष मृदुलकर, राहुल परतेती, संदेश बघेल, संजय बाक्सर सहित पीड़ित युवकों में अमजद खान, मोहित भावरकर, मिथुन अहिरवार, महेन्द्र यादव, देवेन्द्र यादव, अमरसिंग यादव, सुजीत अहरवार आदि सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## किसानों से 31 दिसंबर तक फसलों का बीमा कराने की अपील

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री मनोज पुष्प द्वारा फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले के किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है । इच्छुक किसान रबी मौसम 2023-24 में 31 दिसंबर 2023 तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन व तिलहन फसलों के लिये बीमित राशि का मात्र अधिकतम 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय होगा, शेष प्रीमियम राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदार व काश्तकार सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने के लिये पात्र हैं। योजना सभी कृषकों के लिये स्वैच्छिक की गई है। किसान योजना से बाहर होने का विकल्प बीमाकंन की अंतिम तिथि से 7 दिवस पूर्व चुन सकते हैं। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जायेगा । अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा बैंक, लोक सेवा केन्द्र एवं कार्यरत बीमा कंपनी के अधिकृत एजेण्ट के माध्यम से करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अऋणी कृषकों को पंजीयन करवाने के लिये आवश्यक दस्तावेजों के अंतर्गत फसल बीमा प्रस्ताव फार्म, पहचान पत्र के लिये शासन द्वारा मान्य दस्तावेज जैसे वोटर कार्ड, राशन कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., ड्रायविंग लायसेंस आदि, भू-अधिकार पुस्तिका व बैंक पास बुक की छायाप्रति, स्व-प्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र की प्रति आवश्यक है । सभी ऋणी व अऋणी कृषकों के लिये आधार कार्ड दस्तावेज अनिवार्य हैं तथा मोबाईल नंबर वांछित है।उप संचालक कृषि सिंह ने बताया कि जो ऋणी कृषक अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते, वे बीमांकन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर से 7 दिवस पूर्व अर्थात 24 दिसंबर तक संबंधित बैंक में लिखित में आवेदन कर निर्धारित प्रपत्र भरकर योजना से बाहर जा सकते हैं। बीमित फसलों में यदि प्राकृतिक आग अर्थात आकाशीय बिजली गिरने, बादल फटने, तूफान, ओला वृष्टि, चक्रवात, अंधड़, टेम्पेस्ट, टोरनेंडो, बाढ़, जल भराव, भू-स्खलन, सूखा अवधि व कीट बीमारियों से नुकसान होने पर बीमा का लाभ मिलने का प्रावधान है । उन्होंने बताया कि फसल बीमा के संबंध में कृषकगण एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के टोल फ्री नंबर-18002337115 पर संपर्क कर सकते हैं

## 153 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण



**अमरवाड़ा।** नगर की रोजगारोन्मुखी संस्था कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान सेडी अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा एशियन आई केयर हॉस्पिटल छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एशियन आई केयर हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञों डॉ प्रशांत सिंह राजपूत डॉ अश्विनी मसारकार अमर बघेल के द्वारा आंखों की जांच की गई जिसमें 153 लोगों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया एवं विशेषज्ञों द्वारा समस्त शिवरार्थियों को आंखों के उपचार के लिए संतुलित आहार जैसे की हरी सब्जियां फल के सेवन एवं आंखों के संक्रमण से बचने के उपाय बताए गए इस अवसर पर संस्था के अकाउंट ऑफिसर अशोक साहू ब्राइट कैरियर स्कूल के प्राचार्य संकेत जैन संचालक स्वप्नेश जैन प्रोजेक्ट ऑफिसर राजकमल जैन ट्रेनर सचिन यादव हिंसुराम धुर्वे सुरेश यादव सहित सैकड़ो प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## दवा प्रतिनिधियों ने हड़ताल के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की



**छिंदवाड़ा।** देश एवं राज्य सरकारों की जन विरोधी,श्रमिक विरोधी,देश विरोधी एवं कारपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ मेडिकल एवं सेल्स रिप्रजेंटेटिव की एकदिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल आज 20 दिसंबर को संपूर्ण भारत के साथ साथ छिंदवाड़ा में भी सफल रही। तदाशय की जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन की छिंदवाड़ा इकाई के सचिव कामरेड आशीष जैन ने बताया कि दवा प्रतिनिधियों के लिये बनाया गया सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयीज एक्ट जो की 1976 से लागू है,उसका पूर्णरूपेण परिपालन नहीं किया जा रहा है,इस एक्ट को लागू करने सेल्स प्रमोशन कर्मियों के लिये वैधानिक कार्य नियमावली को लागू करने,दवाइयों की कीमतें कम करने के लिये उन्हें तस्झ से मुक्त करने,दवाइयों की बिक्री बंद करने एवं दवा प्रतिनिधियों की निजता में दखल को रोकना इस हड़ताल का उद्देश्य है।कामरेड आशीष जैन ने बताया कि सेल्स के नाम पर दमन एवं उत्पीड़न पर रोक लगाने, ट्रेकिंग एवं निगरानी के माध्यम से दवा प्रतिनिधियों की निजता में दखल को रोकने एवं कार्यस्थल पर दवा प्रतिनिधियों को निर्बाध प्रवेश देने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया गया है। राज्य सरकार से मांग की गयी है कि कार्य के आठ घंटे निर्धारित करने,सेल्स प्रमोशन कर्मियों को न्यूनतम वेतन 26000 रु करने एवं दवा प्रतिनिधियों को कर्मकार या वर्कमैन की श्रेणी में शामिल करने हेतु हड़ताल में आह्वान किया गया है ( मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सम्मुख हड़ताल केंद्र में छिंदवाड़ा इकाई के करीब 200 दवा प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रीय उपस्थिति दर्ज कराकर आज की अखिल भारतीय हड़ताल को सफल बनाया ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

## वीडियो का प्रसारण,मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले की सातों विधानसभा की 11 जनपद पंचायतों की 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये । इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जैसवाल ने बताया कि विधानसभा छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत पुलपुंलडोह और धमनिया, विधानसभा चौरई की जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत रामगढ और आमाबोह एवं जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत खमरियामाल और ग्वारीमाल, विधानसभा अमरवाड़ा की जनपद पंचायत अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत मंदानगढ़ और लछुआ एवं जनपद पंचायत हर्रई की ग्राम पंचायत छाताकला और कोहपानी, विधानसभा जुन्नारदेव की जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत खैरमंडल, बुधवारा, पर्वतघोघरी और डोडासेमर एवं जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत दौरियाखेड़ा और कुर्सीढाना, विधानसभा परासिया की जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बेलगांव और बरारिया, विधानसभा सौंसर की जनपद पंचायत सौंसर की ग्राम पंचायत कोपरावाड़ी खुर्द और जोबनी एवं जनपद पंचायत मोहखेड़ की ग्राम पंचायत भांडखापा और पिण्डरईखुर्द तथा विधानसभा पांढुर्णा की जनपद पंचायत पांढुर्णा की ग्राम पंचायत सिवनी और लांघा में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न हुई ।



## चुनाव सामग्री को जमा करने लापरवाही पर 6 कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा रिटर्निंग आफिसर चौरई के जांच प्रतिवेदन पर मतदान सामग्री वापसी स्थल पर हो-हल्ला व हुल्लडबाजी करके कर्मचारियों की भीड को प्रशासन के विरूद्ध उकसाने और जिला प्रशासन द्वारा चुनाव सामग्री को जमा करने के लिये बनाई व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य करने पर एक माध्यमिक शिक्षक, 3 सहायक शिक्षक, एक वरिष्ठ अध्यापक और एक सहायक ग्रेड-2 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण अपने विभाग प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-159 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान सामग्री वापसी के दिन 17 नवंबर 2023 को जिला निर्वाचन अधिकारी छिन्दवाडा द्वारा चयनित स्थल पर की गई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 124-चौरई में 10 काउंटर निर्धारित किये गये थे। इस तिथि को मतदान सामग्री वापसी स्थल पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंगा के माध्यमिक शिक्षक श्री अर्जुन पवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर छिंदवाड़ा, अतरवाड़ा और पौनार के सहायक शिक्षकों सर्वश्री अनिल ताम्रकार, चैतराम पाल व संदीप कुमार जैन, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौंसर के वरिष्ठ अध्यापक श्री सलीम गफ्फार खान और म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा के सहायक ग्रेड-2 श्री देवीप्रसाद झड़ाने द्वारा काउंटर क्रमांक-9 में खड़े होकर न केवल हो-हल्ला किया गया, अपितु हुल्लडबाजी करके कर्मचारियों की भीड को प्रशासन के विरूद्ध उकसाने का कार्य किया गया एवं जिला प्रशासन द्वारा चुनाव सामग्री को जमा करने के लिये बनाई गई व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य किया गया । इन कर्मचारियों द्वारा ऐसा करने पर रिटर्निंग आफिसर एवं अन्य सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा ऐसा नहीं करने की समझाईश दी गई । इसके बाद भी इनके द्वारा शोर-शराबा कर लगातार व्यवस्था को बाधित करने का कार्य जारी रहा और सामग्री वापसी के काउंटर पर बैठे मास्टर ट्रेनर पर मतपत्र लेखा व अन्य सामग्री को बिना जांच के लिये जाने का अवैधानिक दबाव बनाया गया। जब मास्टर ट्रेनर द्वारा इस दबाव को स्वीकार नहीं किया गया तो मास्टर ट्रेनर से अभद्रता की गई। इन कर्मचारियों द्वारा आवश्यक सुधार करवाने व पूर्ण सामग्री जमा होने के बाद आर.ओ. द्वारा बनाये गये पीठासीन के व्हाट्सअप ग्रुप पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बनाई गई सामग्री वापसी की व्यवस्था पर अभद्र टिप्पणी की गई जो अनुशासनहीनता एवं चुनावी व्यवस्था को बिगाड़ने का स्पष्ट कार्य प्रतीत होता है, इसलिये इन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है

# महाराष्ट्र से इंदौर आ रही बस खंडवा में ट्रक से टकराई, 1 की मौत, 8 घायल

**खंडवा।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर तड़के 5 बजे बस हादसा हो गया। बस और ट्रूक की भिंड़त में करीब 8 लोग घायल हो गए। एक यात्री की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक का अगला हिस्सा चपटा हो गया। यात्रियों का कहना है कि बस ड्राइवर नशे में था। वह शराब पीते-पीते बस चला रहा था। यात्रियों ने टोका तो कहने लगा कि ब्रेफिक्र रहो इंदौर पहुंचा दूंगा। हादसे के बाद ड्राइवर, कंडक्टर दोनों फरार हो गए।



घटना छैगांवमाखन थाना क्षेत्र के देशगांव के पास तोरणी फाटा पर हुई। यहां महाराष्ट्र की तरफ से इंदौर जा रही तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मार दी। भिंड़त ऐसी थी कि ट्रक का आधा हिस्सा अलग हो गया। ट्रक ड्राइवर के दोनों पैर फ्रेक्चर हो गए। गंभीर घायलों को खंडवा जिला अस्पताल तथा सामान्य घायलों को छैगांवमाखन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। एक यात्री की मौत हो गई, जिसकी पहचान बब्बन निवासी महाराष्ट्र के रूप में हुई है।

जिला अस्पताल में भर्ती जलगांव निवासी महिला के पैर, हाथ और सिर में चोट है। हादसे को लेकर उसने बताया कि सुबह 5 बजे की बात है, उस समय रोड पर कोहरा था और बस तेज रफ्तार में थी। बस का ड्राइवर नशे में था, उसके पास शराब की बोतल भी रखी हुई थी। कई यात्रियों ने उसे शराब पीने से मना किया तो कहने लगा कि चिंता मत करो, बेफिक्र रहो। मेरी तो रोज की आदत है। सही - सलामत इंदौर पहुंचा दूंगा। कुछ देर बाद जोर झटका लगा। मौत से बचकर अस्पताल पहुंची हूं।

# जल उत्सव के लिए सजा हनुवंतिया

**भोपाल।** जल पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध हनुवंतिया में जल महोत्सव का 8वां संस्करण शुरू हो गया है। एक बार फिर जल महोत्सव दिल को छू लेने वाली साहसिक गतिविधियां, जीवंत सांस्कृतिक अनुभव और प्रकृति की गोद में आलीशान प्रवास का अनूठा मिश्रण प्रदान करेगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि जल महोत्सव वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज पसंद करने वाले पर्यटकों के लिए हमेशा से ही पहली पसंद रहा है। इस वर्ष भी सभी पर्यटक रोमांच और उत्साह से भरपूर गतिविधियों का आनंद लेकर अपने साथ अविस्मरणीय अनुभव लेकर जायेगें।



प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि यादगार और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भव्य टेंट सिटी स्थापित की गई है। टेंट सिटी हनुवंतिया के सुंदर दृश्यों के बीच पर्यटकों को एडवेंचर एक्टिविटीज करने के बाद आराम करने और अपनों के साथ समय व्यतीत करने का बेहतरीन अवसर देंगे। कल्चरल एक्टिविटीज के साथ साथ यहाँ कई तरह की वैलनेस एक्टिविटीज का भी आयोजन किया जायेगा जो मध्यप्रदेश के मिनी गोवा में आये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज, पर्यटकों को रोमांचक और अद्वितीय अनुभव से सराबोर कर देंगे। जेट स्की, स्पीड बोट, बनाना राइड, बंपर राइड, हॉट एयर बैलून, लैंड पैरासेलिंग, पैरा मोटर, रिवर्स/इजेक्शन बंजी आर्चरी, बोट एवं वाटर एक्टिविटीज, एटीवी बाइक राइड, आइलैंड पर ट्रेकिंग ङ्क हाइकिंग, हाई रोप कोर्स, जिप लाइन, ज़ोरबिंग (वाटर एक्टिविटी), एयर गन शूटिंग, वॉल क्लाइंबिंग और अन्य गतिविधियों का आनंद पर्यटक ले सकेंगे।

उल्लेखनीय हैं कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उच्चतम मानक अनुसार व्यापक इंतजाम किए गए हैं।




वाईएमसीए इंटरनेशनल सेंटर में इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन अहमदाबाद की कार्यकारी निकाय की बैठक हुई। सम्मेलन और प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसमें गौरांग पटेल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रातः बरगी डैम के निकट मैकल रिजार्ट में पौधारोपण किया। पौधारोपण पश्चात श्री चौहान रानी दुर्गावती के समाधि स्थल पहुंचे, रानी दुर्गावती को नमन कर उनका पुण्य स्मरण किया। श्री चौहान बरगी से अमरकंटक के लिए रवाना हुए है, यात्रा के दौरान ग्रामीण जन, पार्टी कार्यकर्ता जगह जगह स्वागत अभिनंदन कर रहे है।



विधानसभा परिसर में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार साथी विधायकों के साथ।



महापौर मालती राय ने आज आई.एस.बी.टी. स्थित महापौर कार्यालय में अतिक्रमण अधिकारियों की अतिक्रमण से संबंधित बैठक ली तथा आवश्यक निर्देष दिए, इस अवसर पर अपरायुक्त विनीत तिवारी एवं अतिक्रमण अधिकारी उपस्थित रहे।

# कूनो नेशनल पार्क में चीतों को भोजन का संकट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में करीब चार माह बाद तीन चीते अग्नि, वायु और मादा चीता वीरा को एक बार फिर बाड़े से खुले जंगल में छोड़ा गया है, लेकिन यहां चीतों के लिए भोजन का संकट मंडराया हुआ। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून की रिपोर्ट ने नहीं दिया गया। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) ने जनवरी महीने में कूनो में सर्वे किया था। उस समय प्रतिवर्ग किमी में 18 चीतल पाए गए थे, अब ये संख्या घटकर 16 रह गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस संख्या को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जनवरी में हुआ था सर्वेः भारतीय




कूनो प्रबंधन के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं।

रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जंगल में शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में कमी आई है। चीतों का मुख्य भोजन चीतल है। यहां एक वर्ग किमी के दायरे में 16 चीतल बचे हैं, जबकि मानक संख्या 27 होनी चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि चार महीने तक चीते बाड़े में बंद थे, इस दौरान यहां चीतल की आबादी बढ़ाने पर कूनो प्रबंधन को फोकस करना चाहिए था। इसी साल जनवरी में हुए सर्वे में चीतल की संख्या कम होने के संकेत मिल गए थे, लेकिन पिछले 11 महीने में इस ओर ध्यान वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) ने जनवरी महीने में कूनो में सर्वे किया था। उस समय प्रतिवर्ग किमी में 18 चीतल पाए गए थे, अब ये संख्या घटकर 16 रह गई है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस संख्या को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय वन्य जीव संस्थान के एक विशेषज्ञ ने बताया कि जब नामीबिया से चीतों को कूनो लाया गया था तो रात में गोलियां चलने की आवाजें सुनाई देती थी। इससे साफ है कि यहां वन्यजीवों का शिकार अब भी हो रहा है, वन विभाग के लिए ये बड़ी चिंता की बात है।

## पीसीसीएफ ने चीतों के भोजन का बताया प्लान

प्रे-बेस कम होने के सवाल पर पीसीसीएफ असीम श्रीवास्तव का कहना है कि कूनो में घास के पर्याप्त मैदान हैं। करीब 8 से 9 हजार चीतल सहित मोर, चिंकारा नीलगाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणी भी 18 हजार से ज्यादा है। शाकाहारी वन्य प्राणी हमेशा झुंड में भी भोजन करते हैं। ऐसे में चीतों को शिकार में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। श्रीवास्तव कहते हैं, जहां तक चीतल की संख्या बढ़ाने की बात है तो 1300 चीतल को कान्हा और पेंच से ट्रांसलोकेट करने का प्लान तैयार किया है। इसमें से 750 चीतल को यहां शिफ्ट कर चुके हैं। जैसे-जैसे जरूरत पड़ेगी चीतल की शिफ्टिंग की जाएगी।

## अग्नि, वायु और मादा चीता वीरा को खुले में छोड़ा

17 दिसंबर को कूनो नेशनल पार्क में अग्नि और वायु नाम के दो नर चीतों को अहेरा पर्यटन क्षेत्र में आने वाले पारोंद वन क्षेत्र में छोड़ा गया है। 20 दिसंबर को मादा चीता वीरा को छोड़ा गया है। चीता स्टियरिंग कमेटी की टीम तीनों पर नजर बनाए हुए हैं। इनके शिकार और जंगल में मूवमेंट को देखकर ही बाकी चीतों को खुले में छोड़ने का फैसला किया जाएगा। कूनो में इस समय 14 वयस्क चीते और एक चीता शावक है। इनमें सात नर चीते गौरव, शौर्य, वायु, अग्नि, पवन, प्रभाष और पावक हैं, जबकि सात मादा चीतों में आशा, गामिनी, नाभा, धीरा, ज्वाला, निर्वा और वीरा शामिल हैं।

# वार्ड प्रभारी ने 67 लाख के बकायादार को जारी कर दी थी एनओसी, अब हुई कुर्की

**भोपाल।** नगर निगम के बकायादार को वार्ड प्रभारी द्वारा एनओसी जारी कर दी गई। जबकि उसके ऊपर 67 लाख रुपये से अधिक का कर बकाया है। उसे निगम की धारा 175 के तहत वारंट तक जारी किया गया था। इसके बाद भी बकायादार ने कर जमा नहीं किया। इस पर निगम अमले द्वारा बकायादार के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई और क्लब हाउस को सील कर दिया गया। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 26 में स्थित बरखेड़ी खुर्द में व्हिस्परिंग पाम कालोनी के कालोनाइजर के ऊपर 67 लाख से अधिक का कर बकाया है। उन पर बुधवार को जोनल अधिकारी अर्जुन मेघानी और वार्ड प्रभारियों के द्वारा कुर्की की कार्रवाई की गई है। निगम के वार्ड प्रभारी व अमले द्वारा कालोनाइजर द्वारा निर्मित क्लब हाउस पर तालाबंदी की गई।




# प्रदेश के सभी शहरों में न्यूनतम पारा 13 डिग्री से नीचे, कल से बादलों का डेरा

**भोपाल।** उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में ठिठुरन है। गुरुवार को सुबह कड़ाके की ठंड रही। लगातार दूसरी रात प्रदेश में सबसे ठंडा ग्वालियर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज हुआ। पचमढ़ी में यह 7.6 डिग्री रहा। नौगांव (छतरपुर) में 7, राजगढ़ में 7.2, दतिया में 7.3 न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।



भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और प्रदेश के दूसरे शहरों में न्यूनतम पारा 12.9 डिग्री से नीचे रहा। सबसे ज्यादा 12.9 डिग्री नर्मदापुरम में दर्ज हुआ। मौसम केंद्र के अनुसार 22 दिसंबर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर रहेगा। इस कारण 22-23 दिसंबर को कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। तेज ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। बारिश के आसार नहीं हैं। 25 दिसंबर के बाद ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा।

बुधवार को प्रदेश के 12 शहरों में कोल्ड डे रहा। यह शहर हैं- बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, उज्जैन, दतिया, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट। हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बालाघाट जिले का मलाजखंड और ग्वालियर इससे भी ठंडे रहे। मलाजखंड में तापमान 21 डिग्री और ग्वालियर में 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबलपुर में तापमान 2.9 डिग्री की गिरावट के साथ 22.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

